

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



भारत भाग्य विधाता में ......
सपनों के लिए कुछ भी ......
वर्ष : 12 | अंक : 156 | लखनऊ, 30 मई, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पद्मविभूषण तीजन बाई की तबीयत बिगड़ी

**रायपुर।** छग की प्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका और पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई की तबीयत बिगड़ने के



बाद रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उनकी बहू वेणु देशमुख ने बताया कि मेडिकल जांच में उनके फेफड़ों में पानी भरने, निमोनिया होने और बीपी काफी कम होने की बात सामने आई है।

### आंधी-बारिश के कहर में 7 लोगों की मौत


**कोलकाता।** दक्षिण बंगाल के कई जिलों में मौसम बिगड़ गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हो



गया। अलग-अलग हादसों में 6 जिलों में 7 लोगों की मौत हो गई। मौतें मकान गिरने, बिजली गिरने और करंट लगने की घटनाओं में हुई। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।

### हाईकोर्ट ने याची पर लगाया 2 रुपए जुर्माना

**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट ने 4 दशक पुराने एक मामले में 8000 रुपएकी वसूली से जुड़े मुकदमे में अनोखा




जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने इसे दोबारा खोलने से इनकार कर दिया और मुकदमेबाजों पर तथ्य को छिपाने औ झूठे दावों के आधार पर अंतरिम आदेश हासिल करने के आरोप में 2 रुपए का अनोखा जुर्माना भी लगाया।

### आंदोलन जारी रखने पर अड़े मनोज जरांगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि



मनोज जरांगे पाटिल अपना आंदोलन वापस ले लेंगे। मनोज विरोध प्रदर्शन पर अडिग हैं। सरकार मराठों के दर्द को नहीं समझती। जरांगे ने कहा वे अधूरी मांगों को लेकर 30 मई से जालन में अनशन शुरू करेंगे।

## बंगाल में दिखने लगा 'डिटेक्ट- डिलीट- डिपोर्ट' नीति का बड़ा असर

# राज्य में 11 होल्डिंग सेंटर, 335 संदिग्धों को हिरासत में लिया, सभी की पहचान की जा रही

### सुवेंदु सरकार विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेज रही

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / कोलकाता,

पश्चिम बंगाल सरकार ने अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए राज्यभर में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इन केंद्रों में फिलहाल 335 संदिग्ध लोगों को रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कार्रवाई राज्य की 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' नीति के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजना है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों में कुल 335 लोग मौजूद हैं, जिनमें 148 पुरुष, 99 महिलाएं और 88 बच्चे शामिल हैं। इन सभी की पहचान और दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया जारी है। राज्य गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि विदेशी नागरिकों को तब तक रखने के लिए ढांचा तैयार किया जाए।

**सीमा पर मची भगदड़**



फाइल फोटो

बंगाल में अवैध प्रवासी इस तरह भागते दिखाई दे रहे

#### बसीरहाट में सबसे ज्यादा हिरासत में

उत्तर 24 परगना जिले का बसीरहाट क्षेत्र, जो बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है, यहां सबसे अधिक संदिग्ध लोगों की पहचान हुई है। यहां बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या समुदाय के लोगों के होने की आशंका है। ये होल्डिंग सेंटर अलग-अलग पुलिस जिलों और प्रशासनिक जिलों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बरुईपुर, सुंदरबन, बसीरहाट, बोंगांव, बरासत, मुर्शिदाबाद, जंगीपुर और कृष्णानगर शामिल हैं।

#### होल्डिंग सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

मालदा जिला इस कार्रवाई का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यहां इंग्लिश बाजार इलाके के चंदन पार्क में पहला होल्डिंग सेंटर शुरू किया गया है। यहां फिलहाल नौ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को रखा गया है। इनमें तीन महिलाएं और छह नाबालिग शामिल हैं। इन लोगों को गाजोल थाना क्षेत्र से पकड़ा गया था। सेंटर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पुलिस के साथ सिविल डिफेंस तथा अन्य कर्मचारी चौबीस घंटे निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि यहां लोगों के दस्तावेज और पहचान की जांच की जा रही है।

#### दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की जा रही

बंगाल सरकार और प्रशासन ने कथित अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए अभियान तेज कर दिया है। बसीरहाट इलाके के हाकिमपुर चेकपोस्ट पर मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं पहुंचीं थी। इनमें कई लोग ऐसे बताए जा रहे हैं जो लंबे समय से बंगाल में रह रहे थे। घुसपैठियों को वापस भेजने की बात सामने आने के बाद सीमा पर भीड़ बढ़ गई।

### बंगाल में 1 अगस्त से होगी जनगणना

सुवेंदु ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में एक अगस्त से जनगणना शुरू होगी। यह प्रक्रिया अगले साल फरवरी के अंत तक चलेगी। उन्होंने



स्पष्ट किया कि इस जनगणना का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। अधिकारी ने राज्य के कुछ हिस्सों में बदलती आबादी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की वजह से बंगाल के कई इलाकों का जनसांख्यिकीय ढांचा बदल गया है। उनके अनुसार, बांग्लादेश के साथ लगी 600 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ नहीं लगी है। इसी खुली सीमा की वजह से घुसपैठ हो रही है, जिससे आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है।

### अवैध प्रवासियों ने सरकार को बताया

## 20 हजार देकर पार किया बॉर्डर, टीएमसी ने बनवाए कार्ड

हजारों बांग्लादेशी नागरिक अब सीमावर्ती इलाकों में जमा होने लगे हैं। डिटेंशन सेंटरों में बंद किए जाने के डर से अवैध बांग्लादेशी प्रवासी इस समय पूरे पश्चिम बंगाल में सीमावर्ती क्षेत्रों और ट्रांजिट टर्मिनलों पर इकट्ठा हो रहे हैं। ये अब खुलकर बात करने लगे हैं कि वे अवैध रूप से भारत में कैसे घुसे और उन्होंने पहचान पत्र कैसे हासिल किए? सीमा पर पहुंचने वाले बांग्लादेशी नागरिकों ने बताया कि वे नदी पार करके भारत में घुसे, जबकि दूसरों ने बताया कि कैसे दलालों या बिचौलियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उन्हें सीमा पार कराने में मदद की। एक व्यक्ति ने खुलासा किया कि जब सुरक्षा बल इलाके में गश्त नहीं कर रहे होते हैं, तो सिर्फ 10 मिनट में भारत में घुसना संभव है। इसके अलावा, कुछ लोगों ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेसके कार्यकर्ताओं के एक नेटवर्क ने उन्हें पहचान पत्र बनवाने में मदद की।

### कानून मंत्री मेघवाल का बड़ा बयान

## अच्छे जजों को नहीं कूलिंग ऑफ पीरियड की जरूरत



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय कानून व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्तियों से पहले अनिवार्य कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने की मांग को खारिज किया। उन्होंने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ, निष्पक्ष और सक्षम है तो उसे काम करने से रोकने का कोई कारण नहीं है। न्यायपालिका में भीन अलग राय हैं और इस पर कोई सर्वसम्मत दृष्टिकोण नहीं है। कूलिंग-ऑफ पीरियड वह निर्धारित समय होता है, जिसके दौरान किसी व्यक्ति को अपने पद से रिटायर होने या इस्तीफा देने के बाद तुरंत किसी नई सरकारी, निजी या संवैधानिक नियुक्ति लेने की अनुमति नहीं होती।

#### सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए

मेघवाल ने कहा कि कुछ लोग मानते हैं कि सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए, जबकि कुछ का मानना है कि नियुक्तियों में देरी भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न न्यायाधिकरणों में बड़ी संख्या में पद खाली हैं और अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

#### न्यायाधिकरण में अनुभवियों की जरूरत

मेघवाल ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण जैसे न्यायाधिकरणों में योग्य और अनुभवी न्यायाधीशों की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई सेवानिवृत्त जज न्यायसंगत सोच रखने वाला, स्वस्थ और सक्षम है तो उसकी नियुक्ति तुरंत करने में क्या समस्या है।

#### नियुक्ति की बात पर लंबे समय से चल रही बहस

रिटायरमेंट के बाद न्यायाधीशों को विभिन्न सरकारी संस्थाओं में नियुक्त किए जाने को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। आलोचकों का तर्क है कि ऐसी नियुक्तियां न्यायिक स्वतंत्रता और हितों के टकराव को लेकर सवाल खड़े कर सकती हैं। सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, लोकपाल, भारतीय विधि आयोग और भारतीय प्रेस परिषद जैसी संस्थाओं में भी की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन न्यायाधीशों का सेवा रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है, उन्हें नियुक्त करने का कोई औचित्य नहीं है। हालांकि, सक्षम और प्रतिष्ठित जजों पर किसी प्रकार की पाबंदी नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि कई बार सेवानिवृत्त न्यायाधीश खुद भी नई नियुक्तियां स्वीकार नहीं करते और मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) का काम करना पसंद करते हैं, जिसे अधिक लाभदायक माना जाता है।


### विश्व तंबाकू निषेध दिवस

## टीओएफईआई एप का शुभारंभ 'तंबाकू मुक्त' माहौल पर जोर

### केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने शुरुआत की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने विश्व तंबाकू



निषेध दिवस2026 के अवसर पर कर्तव्य भवन में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (टीओएफईआई) एप्लिकेशन के पायलट संस्करण का शुभारंभ किया। इस दौरान तंबाकू मुक्त माहौल बनाने पर जोर दिया।

#### स्कूलों-कॉलेजों में अच्छा वातावरण बनाएं

टीओएफईआई एक डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर के स्कूलों और कॉलेजों में तंबाकू मुक्त मानदंडों के कार्यान्वयन और निगरानी को मजबूत करना है। यह स्व-मूल्यांकन और रिपोर्टिंग, अनुपालन की निगरानी, संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक जैसे कार्यों को सुविधाजनक बनाएगा।

### केरल विधानसभा में नया विवाद

## मात्र आधा वंदे मातरम गाने पर सरकार पर 'भड़के' राज्यपाल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केरल में नई विधानसभा में काम के पहले दिन पर वंदे मातरम के गायन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार और लोक भवन में यह टकराव माना जा रहा है। राज्यपाल के संबोधन से पहले यह घटना सामने आई। केरल पुलिस बैंड ने वंदे मातरम का केवल शुरुआती हिस्सा बजाया। लोक भवन ने पूरा राष्ट्रगीत बजाने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने इस निर्देश को अस्वीकार कर दिया।



#### केवल शुरुआती हिस्सा बजाया

सरकार ने केवल शुरुआती हिस्सा बजाने की पुरानी परंपरा का पालन किया। राजनीतिक गलियारों में इसे सरकार और लोक भवन के बीच आने वाले समय में मुश्किल संबंधों का संकेत माना जा रहा है। यह टकराव पहले दिन ही हुआ।

### उत्तर प्रदेश-बिहार समेत 4 राज्यों में एनआईए का 12 ठिकानों पर छापा

## संदिग्धों से डिजिटल उपकरण जब्त किए अब सबूतों की फोरेंसिक जांच की जा रही

### आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) ने पाकिस्तान से जुड़े आतंकी नेटवर्क के खिलाफ देशभर में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार राज्यों में 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। उत्तर प्रदेश में 5, राजस्थान में 2 , बिहार में 2 और महाराष्ट्र में 3 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। स्थानीय पुलिस की मदद से कई संदिग्धों से पूछताछ की। अहम दस्तावेजों के




साथ डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं। एजेंसी इन डिजिटल सबूतों की फोरेंसिक जांच कर रही है। यह कार्रवाई पाक के ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और उसके भारतीय सहयोगियों से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ की जा रही है।

#### हमले और विस्फोट की साजिश थी

पाकिस्तान स्थित नेटवर्क ने भारत-पाकिस्तान सीमा के रास्ते ड्रोन के माध्यम से हथियारों और विस्फोटक सामग्री की बड़ी खेप भेजी थी। इन हथियारों और आईईडी का इस्तेमाल पंजाब, दिल्ली समेत देश के अन्य हिस्सों में बड़े आतंकी हमलों और विस्फोटों के लिए किया जाना था। यदि यह साजिश सफल होती तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था।

### रेलवे की कैटरिग व्यवस्था पर उठे फिर सवाल

## दुरंतो एक्सप्रेस के टॉयलेट में बर्तन साफ करता मिला आईआरसीटीसी का स्टाफ

### सफाई व्यवस्था और क्वालिटी पर लोग नाराज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रेलवे और आईआरसीटीसी समय-समय पर यात्रियों को बेहतर सुविधा और साफ-सुथरा खाना देने के दावे करते रहते हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने एक बार फिर रेलवे की कैटरिंग व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में आईआरसीटीसी का एक कर्मचारी ट्रेन के टॉयलेट में बर्तन धोता हुआ



दिखाई दे रहा है। वीडियो के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई है और कई यूजर्स रेलवे की सफाई व्यवस्था और खाने की क्वालिटी पर सवाल उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह मामला दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन का है।

#### आईआरसीटीसी को नोटिस जारी किया

वीडियो वायरल होने के बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आईआरसीटीसी को नोटिस जारी कर दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रेन के टॉयलेट के अंदर एक व्यक्ति यूज किए गए बर्तनों को साफ कर रहा है। चौंकाने वाली बात यह रही कि बर्तनों से भरी टोकरी बंद टॉयलेट सीट के ऊपर रखी हुई थी।

### बेंगलुरु में 'आर्ट ऑफ लिविंग' का समापन समारोह

## उपराष्ट्रपति ने जारी किया स्मारक डाक टिकट, 5 पहलें शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को 'द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 5 राष्ट्रीय पहलों की शुरुआत की और एक स्मारक डाक टिकट का भी अनावरण किया। यह कार्यक्रम बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया। जिन 5 नई पहलों की शुरुआत हुई है उनमें यूथ करियर एक्सीलेंस प्रोग्राम, फैकल्टी ऑफ ईस्टर्न नॉलेज सिस्टम्स, आर्ट ऑफ लिविंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इनक्यूबेशन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन कॉन्शियसनेस स्टडीज एंड ह्यूमन पोटेंशियल और इको शांति शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य शिक्षा, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और मानव विकास को बढ़ावा देना है।

### शिक्षा, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और मानव विकास को दिया जा रहा बढ़ावा



#### देश-विदेश से 678 विशिष्ट अतिथि शामिल रहे

यह कार्यक्रम एक महीने तक चले समारोह का समापन था। इसमें देश-विदेश से 678 विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इनमें राजनीतिक नेता, उद्योगपति, खिलाड़ी, शिक्षाविद, धार्मिक गुरु, राजनयिक, कलाकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। राधाकृष्णन ने कहा कि आज हम वब उत्सव मना रहे हैं जिसने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

#### ज्ञान, ध्यान और संगीत को बताया अहम

राधाकृष्णन कहा कि 192 देशों द्वारा वर्ल्ड मेडिटेशन डे घोषित किया गया। ध्यान अब स्वस्थ, खुशहाल और तनावमुक्त जीवन के लिए जरूरी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि 3 चीजें ज्ञान, ध्यान और संगीत साथ रहें।

#### उपराष्ट्रपति ने गुरुदेव को बताया प्रेरणादायी

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज संघर्ष और अनिश्चितता के दौर में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर लोगों को शांति, जागरूकता और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने गुरुदेव की सादगी और व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुस्कान, विनम्रता और स्नेह हर किसी के दिल को छूता है। उनकी सबसे बड़ी खासियत उनकी मानवता और विनम्रता है।

## रालोद की राष्ट्रीय कार्य समिति में रालोद प्रमुख का स्वागत करते हुए अनिल दुबे



अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने सम्मिलित होने के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी का आत्मीय स्वागत कर जनहित, सामाजिक, राजनैतिक एवं सांगठनिक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वृक्षारोपण अभियान-2026-27 को जनआंदोलन बनाने का किया आह्वान

## पौधों की सुरक्षा, जीवितता एवं गुणवत्तापरक वृक्षारोपण पर करें विशेष फोकस

### फलदार एवं सहजन पौधों के रोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित वृहद वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी आधारित जनआंदोलन के रूप में संचालित किये जाने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को दिये हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम्य विकास विभाग शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया था तथा जनपदों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की थी। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के समन्वित प्रयासों से इस वर्ष भी वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम्य विकास विभाग को 11.25 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण हेतु



माइक्रोप्लान तैयार किया जाए। ग्रामवासियों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठियां आयोजित हों। उन्होंने ह्ववृक्षमाला नदीतट संरक्षण अभियानह्व को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा नदियों के किनारों पर बांस रोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। साथ ही प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य आवासीय योजनाओं के लाभार्थियों से दो-दो सहजन के पौधे अनिवार्य रूप से लगवाने को कहा। श्री मौर्य ने कहा कि वृक्षारोपण से अधिक महत्वपूर्ण पौधों की जीवितता है। इसके लिए बायोफेंसिंग, सुरक्षा खाई निर्माण तथा नियमित देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पौधों को पशुओं एवं अन्य कारणों से होने वाली क्षति से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्थल चयन एवं गड्ढा खुदान की कार्यवाही समय से प्रारंभ की जाए, जिससे पौधों की उत्तरजीविता बेहतर बनी रहे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मनरेगा के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यों में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप मेंटेनेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सामर्थ्य मैनुअल के प्रावधानों के अनुपालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत स्थलों पर किये गये वृक्षारोपण की समीक्षा की जाए तथा जहां पौधों की क्षति अधिक हुई हो, वहां उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सूखे पौधों को तत्काल प्रतिस्थापित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि पौधों की खरीद किसी भी दशा में निजी नर्सरी से न की जाए तथा पौधों की आपूर्ति वन विभाग से ही प्राप्त की जाए।

# ट्यूबवेल की बिजली लाइन पर चोरों का कहर, एक सप्ताह में दूसरी बार एबीसी तार चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भुलभुला खेड़ा गांव में ट्यूबवेल की बिजली लाइन चोरी की लगातार दो घटनाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अज्ञात चोरों ने एक सप्ताह के भीतर दो बार खेत में लगी एबीसी विद्युत लाइन काटकर चोरी कर ली। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से किसान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं हजारों रुपये का नुकसान अलग से उठाना पड़ रहा है। ट्यूबवेल संचालक संजीत यादव के मुताबिक पहली घटना बीते बुधवार देर रात हुई। चोर खेत में पहुंचे और ट्यूबवेल से जुड़े सात पोलों की एबीसी लाइन काटकर ले गए। चोरी के दौरान एक बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह खेत पहुंचने पर लाइन गायब देखकर किसान के होश उड़ गए। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन चोरी हुए तारों और आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना की जानकारी मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। वहीं मलिहाबाद पुलिस को भी सूचना दी गई। अभी किसान पहली घटना से उबर भी नहीं पाए थे कि एक सप्ताह बाद बृहस्पतिवार देर रात चोरों ने दोबारा उसी खेत को निशाना बना लिया। इस बार खेत में बचे चार पोलों की एबीसी लाइन भी काटकर चोरी कर ली गई। शुक्रवार सुबह खेत पहुंचने पर शेष लाइन भी गायब मिली, जिसके बाद किसान पूरी तरह परेशान हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में खेतों और ट्यूबवेलों से बिजली के तार चोरी होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रात के समय खेतों में सुरक्षा व्यवस्था न होने का फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। किसानों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# कार ने बाइक सवार शटरिंग कारीगर को रौंदा, मौत

## मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन

### हादसे के बाद चार घंटे जाम,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र के हरदोई रोड स्थित बाजनगर के पास शुक्रवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग को लेकर हरदोई रोड जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बाद मामला शांत हो सका।

### सामने से आ रही कार ने मारी जोरदार टक्कर

ठाकुरगंज के बर्फखाना निवासी मो. रईस ने बताया कि उनका छोटा भाई साहिल (25) शटरिंग कारीगर था और दुबग्गा के अमेठिया सलेमपुर में परिवार के साथ किराये पर रहता था। शुक्रवार दोपहर साहिल अपने साथी महताब के 10 वर्षीय बेटे मो. माज उर्फ अजान के साथ बाइक से अंधे चौकी की ओर जा रहा था। तभी बाजनगर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार विपरीत दिशा में पहुंच गई और बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### हेलमेट न होने से सिर में लगी गंभीर चोट

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय साहिल ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह उछलकर कार के बोनट पर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठा बालक मो. माज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### भाग रहे दंपति को ग्रामीणों ने पकड़ा

हादसे के बाद कार चालक महिला और उसके साथ मौजूद दरोगा पति मौके से भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि महिला कार चलाते समय मोबाइल फोन पर बात कर रही थी।

### हरदोई में तैनात है दरोगा

पुलिस के मुताबिक कार में मौजूद दरोगा आकाश कुमार मुजफ्फरनगर निवासी हैं और हरदोई शहर कोतवाली में तैनात हैं। वह पत्नी जानवी के साथ एसएएफ मुख्यालय आए थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

### शव रखकर किया प्रदर्शन, लंबा लगा जाम

हादसे से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने हरदोई रोड पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ ग्रामीणों ने किसान पथ स्थित बाजनगर अंडरपास पर भी जाम लगा दिया। सूचना पर दुबग्गा, काकोरी और पारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

### परिजनों ने मांगा मुआवजा और नौकरी

परिजनों ने मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने कार्रवाई और उचित सहायता का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

### परिवार का इकलौता सहारा था साहिल

मृतक साहिल परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। परिवार में कैंसर पीड़ित पिता अज्जे, मां मुन्नी और बहनें शमा, पुसी, निशा, अर्शी व सन्नो हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# हर गरीब व पात्र व्यक्ति को मिलेगा पक्का मकान : केशव प्रसाद मौर्य

### प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन मे उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी जी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 12 राज्यों के लिए रू 10,021 करोड़ की मदर सैंक्शन जारी होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा गुरूवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुये। बैठक मे प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग सौरभ बाबू, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग गौरी शंकर प्रियदर्शी, उपायुक्त अखिलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे नई दिल्ली से वर्चुवल बैठक मे शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुये



कहा कि यह यह योजना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे वर्ष 2016 मे प्रारम्भ हुयी थी। अब तक लगभग 4 करोड़ 15 लाख आवासो का लक्ष्य आवंटित हुआ, 3 करोड़ 91 लाख आवासो की मंजूरी दी गयी और 3 करोड़ 5 लाख पक्के मकान गरीब पात्र लोगो के बन गये हैं इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 12 राज्यों के लिए रू 10,021 करोड़ की दूसरी मदर सैंक्शन जारी किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य राज्यो के वर्चुवल रूप से जुड़े ग्रामीण विकास मन्त्रियो का स्वागत करते हुये कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे गरीबो को न केवल पक्के मकान दे रहे हैं, बल्कि उनके घर तक सड़क, घर तक नल से जल, आयुष्मान कार्ड, रसोई गैस, बिजली, शौचालय आदि का लाभ भी दे रहे है। कहा कि हम पूरी पारदर्शिता के साथ लक्ष्य पूर्ति की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्य बधाई के पात्र है, जो समय पर कार्य पूर्ण कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहो की बहनो को व राज मिस्त्रियो को प्रशिक्षण दिया गया है। 75 प्रतिशत से अधिक मकान बहनो को दिये गये है, इससे उनका आत्मसम्मान व स्वाभिमान बढ़ा है और वह समाज मे भी सम्मान पा रही हैं। उत्तर प्रदेश का नाम विशेष रूप उद्धत करते हुये उन्होंने कहा कि नये पात्र लोगो के मकान स्वीकृति की प्रक्रिया हम शीघ्र पूरी करने वाले है, केशव प्रसाद मौर्य के साथ चर्चा करके नये मकान देने का काम किया जायेगा। आज जिस धनराशि की स्वीकृति दी गयी है, वह पहले से बन रहे मकानो के लिए है। उन्होंने कहा कि जिन पात्र लोगो के पास मकान बनवाने के लिए भूमि नही है, उन्हे पट्टा आदि देकर भूमि की व्यवस्था करा दी जाय। उन्होंने कहा कि 5 जून को पर्यावरण दिवस है, अपने - अपने मकान के पास एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगायें, राष्ट्र की प्रगति के लिए सब लोग समन्वय बनाकर काम करते रहें, ताकि 2029 तक सबके लिए आवास का लक्ष्य हर हाल मे पूरा किया जा सके। हमारा लक्ष्य हर गरीब पात्र को पक्का मकान देना है। वर्चुअल बैठक के उपरांत उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में योजना के क्रियान्वयन को और अधिक गति, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाया जाए ताकि कोई भी पात्र गरीब परिवार आवास सुविधा से वंचित न रहे। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण गरीबों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन ला रही है तथा उत्तर प्रदेश इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की तर्ज पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत प्रति लाभार्थी दी जाने वाली सहायता राशि को वर्तमान रू1.20 लाख से बढ़ाकर रू 2.50 लाख किये जाने के संबंध में भारत सरकार को विस्तृत प्रस्ताव भेजा जाए तथा इसके औचित्य को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाल ही में ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ हुई बैठकों में उठाए गए विभिन्न बिंदुओं पर शीघ्र पत्राचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रदेश को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। श्री मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आवास निर्माण की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाएं, जिससे पात्र लाभार्थियों को शीघ्र पक्के आवास उपलब्ध हो सकें।

# गंगा आरती में शामिल हुए सीएम धामी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

**ऋषिकेश**। उत्तराखंड की आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में आज भव्य गंगा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सहभाग कर मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने प्रदेश एवं देशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य तथा विश्व कल्याण की कामना की। गंगा तट पर आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में वेद मंत्रों की ध्वनि, भजन-कीर्तन और दीपों की मनमोहक आभा ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। श्रद्धा और अध्यात्म के इस संगम में मुख्यमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरती में भाग लेकर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उपस्थित जनसमूह एवं संत-महात्माओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां गंगा के तट पर पहुंचना एक



गहन आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना की निरंतर प्रवाहित होने वाली जीवंत धारा है, जिसने सदियों से देश की आत्मा को ऊर्जा प्रदान की है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गंगा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और मानव सेवा के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर निरंतर प्रगति कर रहा है और देश की सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई मजबूती मिली है। उन्होंने उत्तराखंड को आध्यात्मिकता, साधना और प्रकृति का संगम बताते हुए राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। इस पावन अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा, महामंडलेश्वर, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, विधायक रेनू बिष्ट सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

# ईंधन बचत का संदेश देने फिर ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे सुरेश खन्ना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर डीजल एवं पेट्रोल की न्यूनतम खपत के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए लगातार तीसरे सप्ताह भी अपने कार्यालय आवागमन हेतु गैर पेट्रोलियम ईंधन संचालित वाहन का प्रयोग किया। श्री खन्ना शुक्रवार को अपने सरकारी आवास से विधानसभा स्थित कार्यालय ई-रिक्शा से पहुंचे तथा दोपहर में भोजन के लिए आवास आने-जाने में भी ई-रिक्शा का ही उपयोग किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन पेट्रोलियम ईंधन रहित साधन से कार्यालय आने-जाने का उनका निर्णय केवल व्यक्तिगत पहल नहीं, बल्कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति एक जिम्मेदारी भरा संदेश है। श्री खन्ना ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा ईंधन की बचत आज राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। देश



की बड़ी ऊर्जा आवश्यकताएं अभी भी आयातित ईंधन पर निर्भर हैं, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव कर राष्ट्रहित में योगदान दे। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति सप्ताह में कम से कम एक दिन वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल साधनों का प्रयोग करे तो इससे न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बचत संभव होगी।

# सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती घटना : पंकज चौधरी

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा**

**लखनऊ**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने चंदौली में सपा की महिला सभा की जिलाध्यक्ष गार्गी सिंह पटेल के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी मंचों से महिला सम्मान, सामाजिक न्याय और अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करती है, उसी पार्टी में महिला पदाधिकारियों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं है।

पंकज चौधरी ने कहा कि चंदौली में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी ही पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष के साथ उनके घर में जाकर मारपीट करना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। यह घटना केवल एक महिला पदाधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और आत्मसम्मान पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि सपा का तथाकथित पीडीए अब पीड़ा, दमन और अपमान का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति केवल दिखावे और नारों तक सीमित है। मंचों पर महिला सम्मान की बातें करना और व्यवहार में महिलाओं का अपमान करना, यही सपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा है। यह घटना बताती है कि सपा में महिलाओं को केवल पोस्टरों और प्रचार तक सीमित रखा जाता है, जबकि वास्तविकता में उन्हें अपमान और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएं सपा की वास्तविक मानसिकता को भली-भांति पहचान चुकी हैं। सपा के नेताओं द्वारा लगातार महिलाओं के प्रति असम्मानजनक व्यवहार और ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर उनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब यह समझ चुकी है कि सपा का महिला सम्मान का मॉडल पूरी तरह खोखला और अवसरवादी है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जबकि विपक्षी दल केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए महिलाओं के मुद्दों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि चंदौली की यह घटना सपा के अंदर व्याप्त अराजकता, गुटबाजी और महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। सपा को प्रदेश की महिलाओं से इस घटना पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

# भाजपा के पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति 'पीडीए' का तोड़

## पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सपा के 'पीडीए' फॉर्मूले की काट की किलेबंदी, भाजपा ने पांच में से दो जिलों में ओबीसी और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को सौंपी कमान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। काफी समय से अटकलें लगायी जा रही थी कि प्रदेश में भाजपा विधानसभा चुनाव से पूर्व संगठन में बड़े बदलाव कर सकती है। फिलहाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नियुक्ति के बाद अब इसकी शुरूआत कर दी गयी है। भाजपा ने सूबे के पांच जिलों में अपने नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इनके चयन को देखते हुए यह स्पष्ट इशारा है कि भाजपा आने वाले चुनाव में जातीय समीकरण और क्षेत्रीय संतुलन को बनाये रखने को ज्यादा तव्वजों दे रही है। इससे कहीं न कहीं यह भी दिख रहा है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा अपने प्रमुख विपक्षी दल सपा के 'पीडीए' फॉर्मूले के काट की किलेबंदी कर रही है।

सूबे में भाजपा ने पांच जिलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अवध क्षेत्र के अंबेडकर नगर में दिलीप देव पटेल, काशी क्षेत्र के वाराणसी में राम सकल पटेल, चंदौली में काशीनाथ सिंह, गोरखपुर महानगर में रमेश प्रसाद गुप्ता और देवरिया में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसमें भाजपा



ने दो जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को जिलाध्यक्ष बनाया है।

भाजप ने जिन पांच जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है, उसमें पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर शामिल है। वाराणसी में राम सकल पटेल की नियुक्ति की गई है। वे ओबीसी समुदाय से हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय हैं। पटेल के बारे में कहा जाता है कि वे आम लोगों के बीच अच्छा प्रभाव रखते हैं।

अनुमानों के अनुसार, वाराणसी जिले की आबादी में करीब 75 प्रतिशत हिंदू, 20 प्रतिशत मुस्लिम और पांच प्रतिशत अन्य धार्मिक समुदाय के लोग शामिल हैं। इस जिले में सामान्य और ओबीसी जातियों का खास प्रभाव है। वाराणसी में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ जैसी सवर्ण जातियों और पिछड़े वर्ग की यादव, पटेल, मौर्या, राजभर, चौरसिया आदि जैसी जातियों की आबादी सबसे अधिक है। भाजपा ने मोदी के संसदीय क्षेत्र में ओबीसी के पार्टी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करके इस समुदाय को अपने समावेशी नजरिए का संदेश देने की कोशिश की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर जिले में भाजपा ने रमेश प्रसाद गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है। रमेश प्रसाद गुप्ता वैश्य समुदाय से हैं। गुप्ता की नियुक्ति में अनुभव और जमीनी पकड़ के साथ जातीय समीकरण का खास ध्यान रखा गया है। गोरखपुर में सवर्ण समुदाय का काफी प्रभाव है। इस जिले में ब्राह्मणों के अलावा क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ बड़ी संख्या में हैं। करीब 90.28 फीसदी हिंदू और 9.09 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले इस जिले में वैश्य समुदाय के अध्यक्ष की नियुक्ति आने वाले विधानसभा चुनाव के जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर की गई है।

### ओबीसी में पैठ मजबूत करने का प्रयास

भाजपा ने वाराणसी के अलावा दूसरे जिले अंबेडकरनगर में ओबीसी समुदाय से दिलीप देव पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया है। इनके बारे में बताया जाता है कि उनका पिछड़ी जातियों में काफी पकड़ है। साथ ही उनका पार्टी संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है। इस जिले में पिछड़ी जातियों की आबादी करीब 40 से 45 प्रतिशत है। इनमें यादव, कुर्मी, निषाद, राजभर और मौर्य आदि जातियों के लोग शामिल हैं।

### भाजपा ने दिखाया समावेशी रूख

वहीं, भाजपा ने देवरिया में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने इस जिले में दलित वर्ग को पार्टी का नेतृत्व सौंपकर इस समुदाय को अपने समावेशी रुख का संदेश दिया है। काली प्रसाद भी संगठन में लंबे समय से सक्रिय हैं। देवरिया में अनुमान के अनुसार, अनुसूचित जनजाति (दलित) की आबादी करीब 15-16 प्रतिशत है। यहां सबसे ज्यादा करीब 40 से 45 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग की जनसंख्या है। भाजपा ने काली प्रसाद की नियुक्ति सिर्फ जिले के नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर की है।

### भाजपा से समर्पण को सराहा

बीजेपी ने क्षत्रिय (ठाकुर) समाज के काशीनाथ सिंह को चंदौली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से नियुक्त पांच जिलाध्यक्षों में वे मात्र एक ऐसे नेता हैं जिनको दोबारा यह पद सौंपा गया है। इसका कारण यह है कि वह लंबे समय से संगठन में सक्रिय एक समर्पित नेता माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति के पीछे जिले का कोई जातीय गणित नहीं है, बल्कि क्षत्रिय समुदाय को प्रदेश में प्रतिनिधित्व का मुद्दा है। करीब 85 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले चंदौली जिले में भाजपा को काशीनाथ सिंह की क्षमता पर भरोसा है।

**अखिलेश यादव के फॉर्मूले की रणनीति किलेबंदी...** भाजपा ने पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में स्थानीय नफा-नुकसान के साथ-साथ प्रदेश के जातीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश की है। प्रदेश में बड़ी आबादी ओबीसी की है, जिसके दो जिलाध्यक्ष बनाये गये हैं। इसके अलावा सवर्ण समुदाय से तीन जिलाध्यक्ष बनाये गये हैं। सवर्ण समुदाय भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। इसके अलावा एक जिलाध्यक्ष दलित समुदाय से बनाया गया हैं। प्रदेश में दलित समुदाय की बड़ी आबादी है। फिलहाल प्रदेश भाजपा संगठन में अभी काफी बदलाव होने की संभावना जतायी जा रही है। भाजपा खास तौर पर सपा की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति के जवाब में अपने राजनीतिक किलेबंदी कर रही है।

# चौ. चरण सिंह को लोकदल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ**। लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गांव की आवाज को देश की राजनीति में सम्मान दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। आज भी उनकी सादगी, ईमानदारी और किसान हितों के प्रति संघर्ष देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसानों और ग्रामीण भारत के मुद्दों को फिर से केंद्र में लाने की आवश्यकता है। उनका सपना था कि गांव मजबूत हो, किसान आत्मनिर्भर बने और लोकतंत्र की असली ताकत गांवों तक पहुंचे। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि लोकदल चौधरी चरण सिंह के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों, युवाओं तथा गरीबों की आवाज को मजबूती से उठाता रहेगा। अंत में लोकदल परिवार की ओर से चौधरी चरण सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।२

## संक्षेप

### माइनर में नहीं आ रहा पानी एसडीएम को दिया शिकायत पत्र

पुरवा, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया भवानीगंज जाने वाली माइनर में पानी न होने के चलते भीषण गर्मी में पशु पक्षी की प्यास बुरा हाल है भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी में एसडीएम प्रमेश कुमार को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भारी गर्मी के जलते क्षेत्र के सारे तालाब सूख गए हैं जिससे अन्ना और जगली पशु पक्षियों को पानी पीने की बहुत दिक्कत हो रही है वहीं काथा से भवानीगंज तक जाने वाली माइनर जो लाला खेड़ा दाऊ दरसवा जोरावर गंज रायपुर बरौली आदि गांव से होकर जाती है भारी गर्मी के बावजूद अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है जिससे गांव के किनारे पढ़ने वाले तमाम तालाब सूखे पड़े हैं जिससे पशु पक्षियों को अपना प्यास बुझाने के लिए यही एकमात्र सहारा था जनता के हित को धयान मे रख नहर विभाग के अधिकारिओ को तत्काल निर्देशित कर माइनर में पानी खुलवाने की मांग की

### सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का किया गया शुभारंभ

उन्नाव। शुक्लागंज स्थित सीताराम धर्मशाला में शुक्रवार से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा कथा प्रांगण से शुरू होकर आसपास के प्रमुख मार्गों से गुजरी और वापस धर्मशाला पहुंची। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर भगवान शिव के जयकारे लगा रही थीं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्वयंसेवक भी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, यह कथा पूरे सप्ताह चलेगी। प्रतिदिन शाम पांच बजे से प्रसिद्ध कथावाचक राघवेंद्र दास शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा में भगवान शिव की महिमा, भक्ति और जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होगा।कथा प्रांगण में 1108 शिवलिंगों का महारुद्राभिषेक भी कराया जाएगा। इसके लिए भक्तों में विशेष उत्साह है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना करेंगे। कार्यक्रम के जजमान नीरज मिश्रा ने बताया कि अधिमास में शिव महापुराण कथा सुनने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान भगवान शिव की आराधना और कथा श्रवण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि कथा का उद्देश्य लोगों को धर्म और आध्यात्म से जोड़ना और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना है। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के बैठने और पेयजल की उचित व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कथा में शामिल होकर धर्म लाभलेने की अपील की है।

# नगर पंचायत में मनोनीत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत मौरावां में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरकार द्वारा मनोनीत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अनिल सिंह ने नवमनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम पुरवा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा मण्डल अध्यक्ष विजय गुप्ता, बी पैक्स समिति अध्यक्ष मदन चौरसिया , अजय चौरसिया एडवोकेट नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ सभासद पंकज लोधी,इशरत अली, महेंद्र सिंह आशीष शर्मा, सादिक अली,अमर नाथ, रानी चौरसिया ,दिन्नू चौरसिया,राहत त्रिपाठी,नीरज शुक्ला,अमर दीप त्रिपाठी,रानू दीक्षित,बिन्दादीन रावत, प्रदीप चौरसिया, शंकर सिंह चौहान, गौरीशंकर सिंह पत्रकार, दिनेश साहू पत्रकार, पंकज चौरसिया, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत मौरावां में मनोनीत सभासद साधना चौरसिया सुमित चौधरी एवं पंकज अवस्थी ने शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार आम जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गरीबों को निःशुल्क राशन, किसानों को सम्मान निधि, हर घर बिजली, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं, महिलाओं की सुरक्षा एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि गांव से लेकर नगर पंचायत तक विकास की रोशनी पहुंचे। इसी क्रम में मौरावां नगर पंचायत क्षेत्र में जल्द ही एक महत्वपूर्ण बाईपास निर्माण की योजना पर कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मौरावां में एक विशाल एवं आधुनिक विद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं प्राप्त होंगी। विधायक जी ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत मौरावां की जनता ने विकास कार्यों एवं सरकार की योजनाओं को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक अनिल सिंह एवं भाजपा सरकार का आभार प्रकट किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत विवाहिता की संदिध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन ससुरालीजनों पर दहेज एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के भोलाखेड़ा निवासिनी आशा देवी पत्नी केशन कुमार ने अपनी पुत्री पूनम 25 वर्ष का विवाह करीब 4 वर्ष पूर्व तलिहई निवासी अंकुश पुत्र राज नारायण के साथ किया था। आशा देवी ने तहरीर में ससुरालीजनों पर आरोप लगाते हुए बताया कि पूनम के पति अंकुश,ससुर राजनारायण,सास राजकुमारी,जेठानी ममता,ननद सीता अधिक दहेज की मांग को लेकर आये दिन मारपीट व प्रताड़ित किया करते है। बुधवार देर रात उसकी बेटी को जहर दे दिया गया जहा कानपुर हैलट में उपचार दौरान मौत हो गयी। जबकि ससुराली जनों का कहना है कि उसका पति अंकुश विदेश में रहता है। बहू पूनम की तबियत अक्सर खराब रहती थी। बी पी लो होने के कारण ही उसकी तबियत बिगड़ी।

गुरुवार देर शाम दिवंगत का शव गांव पहुँचा ।शव पहुचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही लड़की पक्ष के लोग भी तलिहई गाँव पहुँच गए जहा आपस मे वाद विवाद होने लगा। सूचना पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा मय फोर्स पहुँचे जहा उन्होंने समझा-बुझा दोनो पक्षो को शांत कराया। शुक्रवार को उनके पति अंकुश के ओमान देश से आते ही अंतिम संस्कार बक्सर घाट पर कर दिया गया थानाध्यक्ष ने बताया तहरीर के आधार पर पाँच ससुरालीजनों पर दहेज एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरान्त विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा गैंगस्टर एक्ट में वांछित वारंटी अभियुक्त



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सफीपुर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मामलों में वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कल्लू उर्फ रामशंकर पुत्र विवर्दित उर्फ छेदी निवासी साल्हेनगर करौंदी थाना सफीपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी लंबे समय से न्यायालय द्वारा जारी वारंट में फरार चल रहा था। शुक्रवार सुबह पुलिस टीम ने दबिश देकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को लगी गोली, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एक युवक को गोली लगने और कई दिनों तक बंधक बनाकर रखने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घायल युवक ने इलाज के दौरान कुछ लोगों पर अपहरण कर बंदी बनाकर रखने, मारपीट करने और गोली मारने का आरोप लगाया है। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, घायल युवक ने अपना नाम विवेक पटेल बताया है। वीडियो में वह घायल अवस्था में बातचीत करता दिख रहा है।युवक ने आरोप लगाया कि उसे 22 मई से बंधक बनाकर रखा गया था। उसने दो युवक और एक युवती पर उसे बंदी बनाने का आरोप लगाया। युवक ने यह भी बताया कि उसे इंजेक्शन देकर बेहोश रखा जाता था और उसके साथ मारपीट भी की गई। युवक ने बताया कि उसे मिलने के बहाने बुलाया गया था, जिसके बाद उसे बंधक बना लिया गया। बातचीत के दौरान युवक दर्द में था और उसने गोली लगने की बात भी कही। हालांकि, घटना कहां और किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घायल युवक के बयान के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। जिला अस्पताल में घायल युवक का इलाज करने वाले डॉ. आशीष सक्सेना ने बताया कि विवेक नाम का युवक गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। प्रथम दृष्टया यह मामला गोली लगने का प्रतीत हो रहा है।युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया गया है। डॉ. सक्सेना के अनुसार, एक्स-रे और अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवक को गोली लगी है या नहीं। दही थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गोलीकांड की सूचना मिली है और जांच-पड़ताल की जा रही है।

# पुल की रेलिंग तोड़कर शारदा नहर में गिरा ट्रक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।मांखी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात रऊ करना पूरा निस्फपंसारी सम्पर्क मार्ग पर उन्नाव की ओर जा रहा ट्रक शारदा नहर पुल की रेलिंग तोडते हुए नहर में गिर गया नहर में पानी होने के चलते चालक को मामूली चोट लगी है।दोस्ती नगर नहर पुल के चौड़ीकरण का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते उन्नाव हरदोई मार्ग पर चकलवंशी से भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है गुरुवार की रात माइक्रोनी लाद कर ट्रक बौनामऊ उदित खेडा होते हुए पूरा निस्फपंसारी नहर पुल से उन्नाव की ओर जा रहा था भारी वाहनों के चलते पुल की रेलिंग पहले से ही क्षतिग्रस्त हो गयी थी सकरा पुल होने के चलते चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक



अनियंत्रित होकर शारदा नहर में पलट गया जिससे ट्रक पर लदा सारा सामान पानी में भीग गया गनीमत रही कि चालक को मामूली चोट लगी दुर्घटना के समय चालक अकेले था।

# मौसम ने ली करवट आंधी के साथ साथ हुई बारिश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।गुरुवार देर रात मौसम में अचानक बदलाव आया, जिससे भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली।रात करीब पौने बारह बजे तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान शुरू हो गया, जिसके कुछ देर बाद जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। इस मौसमी बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

दिनभर तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे थे।शाम तक मौसम सामान्य बना रहा, लेकिन देर रात आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं।आंधी-तूफान का असर पूरे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में देखा गया। कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, और धूल भरी हवाओं ने कुछ देर के लिए परेशानी बढ़ाई ।तेज हवाओं के बाद हुई बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया।बारिश के कारण तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच इस कमी से लोगों ने राहत की सांस ली ।बारिश के बाद शहर की सड़कों पर देर रात तक ठंडी हवाएं चलती रहीं।कई लोग घरों की छतों पर और बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लेते दिखे। बच्चों और युवाओं में भी बारिश को लेकर उत्साह था।किसानों के चेहरे भी खिल उठे, क्योंकि तेज गर्मी से खेतों की नमी खत्म हो रही थी। बारिश से फसलों और सब्जियों को फायदा मिलने की उम्मीद है ।हालांकि, तेज आंधी और हवाओं का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। ग्रामीण इलाकों में कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तेज हवा के कारण तारों और बिजली के खंभों में फॉल्ट आने से रातभर कई गांवों में अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग की टीमें फॉल्ट ठीक करने में जुटी रहीं, लेकिन कुछ स्थानों पर सुबह तक बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी थी।

# ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात जवानों को छाते व पानी की बोतले की वितरित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भीषण गर्मी के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे होमगार्ड और पीआरडी जवानों को राहत देने के लिए पुलिस विभाग ने एक पहल की है। एसपी कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात जवानों को छाते और पानी की बोतलें वितरित की गईं। इस दौरान अधिकारियों ने जवानों को गर्मी से बचाव और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कार्यक्रम में बताया कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में ट्रैफिक कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सब इंस्पेक्टर, टीआई के साथ-साथ होमगार्ड्स और पीआरडी जवान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।उन्होंने कहा कि तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच सड़क पर लगातार ड्यूटी करना चुनौतीपूर्ण होता है।इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष रूप से होमगार्ड्स और पीआरडी जवानों के लिए छाते और पानी की बोतलों की व्यवस्था की गई है।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में लगभग 88 होमगार्ड्स और पीआरडी जवान ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात हैं।इन सभी को एक-एक छाता और पानी की बोतल उपलब्ध कराई गई है।बताया गया कि छाते का उपयोग जवान गर्मी के साथ-साथ बरसात के मौसम में भी कर सकेंगे, जिससे प्रतिकूल मौसम में भी यातायात व्यवस्था अप्रभावित रहेगी।

पानी की बोतलें जवानों को निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) से बचाने में सहायक होंगी ।पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि विभाग अपने पुलिसकर्मियों के लिए पहले भी ऐसी व्यवस्थाएं करता रहा है। ट्रैफिक कांस्टेबल और अन्य पुलिस जवानों को पिछले वर्ष ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी थी। इस बार होमगार्ड्स और पीआरडी जवानों को प्राथमिकता दी गई है। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर अन्य कर्मचारियों को भी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान जवानों को निर्देश दिए गए कि वे ड्यूटी के समय छाते का नियमित उपयोग करें और हमेशा अपने साथ पानी रखें।ऐसा करने से गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सकेगा। अधिकारियों ने जोर दिया कि भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार धूप में खड़े रहने से तबीयत बिगड़ने का खतरा बना रहता है, इसलिए सभी जवान अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

# छत से नीचे गिरने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। रात को अचानक आये आंधी तूफान व बिजली की कड़कड़ाती आवाज को सुनकर अपनी छत पर लेटा युवक बिस्तर उठा कर जीने के रास्ते घर के अंदर जाने के लिए चला कि इसी बीच वह छत में रेलिंग न होने की वजह से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया । और थोड़ी ही देर में उसकी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है ।औरास थाना क्षेत्र के रतन खेड़ा गांव निवासी बबलू 40वर्ष पुत्र लल्लू गुरुवार रात भोजन करके अपनी छत पर सो गया था। गुरुवार रात लगभग दो बजे अचानक बारिश के साथ आँधी तूफान आ गया और इसी के साथ कड़कड़ाती बिजली की आवाज सुनकर वह अपना विस्तर समेट कर जीने के रास्ते घर के अंदर पहुँचने के लिए चल पड़ा लेकिन वह जल्दबाजी में अचानक छत से नीचे जमीन पर गिर कर अचेत हो गया । परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाते कि उससे पहले ही बबलू की मौत हो गई। युवक की असमय मौत से उसकी पत्नी राधिका बच्चे व परिजन रो रो कर बेहाल हो उठे। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# पैरवी करने पर असलहा दिखा वकील को जान से मार देने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव निवासी एडवोकेट अतुल कुमार चौरसिया ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते दिनों दुष्कर्म के एक मामले में पैरवी की थी ।जिसकी खुन्नस को लेकर बंथरा थाना निवाशी हरगेंद्र पुत्र राम लखन आए दिन गालीआ गलौज कर जान से मार देने की धमकी देता है। बीती 23 मई की शाम रसूलपुर बकिया गांव के बाहर तमंचे दिखाकर काम तमाम करने की धमकी देकर चला गया जिससे वकील काफी डरा सहमा हुआ है।वही हरगेंद्र के रिश्तेदार ललित, दिलीप, जीतबहादुर व वंदना भी गाली गलौज करते है। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# अनियंत्रित बाइक सवार दो युवक गिरकर हुए घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।थाना आसीवन क्षेत्र के ताजपुर चौराहे के पास अनियंत्रित बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया थाना आसीवन क्षेत्र के शीर्षकन्हर निवासी मुकेश कुमार 32 वर्ष पुत्र मथुरा प्रसाद गांव के ही अपने साथी अश्वनी कुमार 35 वर्ष पुत्र नारायण रावत के साथ बाइक से जा रहे थे तभी ताजपुर चौराहे के पास बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया।

# पुलिस पर फायरिंग, मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## दरोगा की वर्दी और सरकारी दस्तावेज भी फाड़े थे; दूसरे की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,पुलिस ने एक दरोगा पर फायरिंग और मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना तिलहर थाना क्षेत्र के बंधी चक गांव में हुई थी, जहां पुलिस एक फर्जी लोन की शिकायत की जांच करने गई थी। आरोपियों ने दरोगा की वर्दी फाड़ दी थी और सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिए थे। पुलिस ने आरोपी नकुल को शुक्रवार को कटरा हाईवे स्थित ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है। तिलहर थाने में तैनात बुलंदशहर निवासी दरोगा गौरव कुमार ने 28 मई को दर्ज कराई एफआईआर में बताया था कि वह हेड कांस्टेबल भारतमणि के साथ 26 मई की रात बंधी चक गांव में एक फर्जी लोन की शिकायत की जांच करने गए थे। यह शिकायत नकुल और उसके भाई के खिलाफ थी। गांव में पहुंचने पर दोनों आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज की, धमकाया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। उन्होंने दरोगा की डायरी छीन ली, जिसमें सरकारी दस्तावेज रखे थे,और उन्हें फाड़ दिया। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी और उन पर फायरिंग कर दी, जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद दरोगा की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना




पर पुलिस ने घेराबंदी कर नकुल को गिरफ्तार कर लिया। नकुल बंधी चक गांव का ही रहने वाला है। बताया जा रहा है कि यह घटना 26 मई की रात को हुई थी, लेकिन थाने की पुलिस ने 27 मई की रात तक आलाधिकारियों को इसकी भनक नहीं लगने दी और मामले को दबाए रखा। जब उच्च अधिकारियों के संज्ञान में यह मामला आया और एसपी ने फटकार लगाई, तब 28 मई को एफआईआर दर्ज की गई।

## सम्पादकीय

# अब अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा दबाव

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो सप्ताह में करीब 7 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह इस बात का संकेत है कि सरकार भी अब दबाव महसूस कर रही है। हालांकि सरकार लगातार यह कोशिश कर रही है कि आम जनता पर बोझ सीमित रहे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों ने आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ा दी हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का तनाव सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव तथा युद्ध की आशंका ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। सोमवार को युद्ध समाप्ति की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी जरूर देखने को मिली, लेकिन रुपये पर दबाव अभी भी बना हुआ है। डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती। इसका असर पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है। परिवहन महंगा होने से खाद्यान्न, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यानी महंगाई का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है, जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आर्थिक संतुलन बनाए रखे और जनता के असंतोष को भी नियंत्रित करे। यही कारण है कि केंद्र सरकार फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। यदि तेल कंपनियों को लगातार घाटे में चलने दिया जाए तो आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जबकि कीमतें बढ़ाने से जनता में नाराजगी का खतरा रहता है। इससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने और कीमतें बढ़ने की आशंका रहती है। सप्लाई चेन बाधित होने की स्थिति में जरूरी वस्तुओं की कमी भी पैदा हो सकती है। इन परिस्थितियों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने '3 एफ' यानी ईंधन (फ्यूल), उर्वरक (फर्टिलाइजर) और विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के रणनीतिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उनका कहना है कि सरकार की प्राथमिकता विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचना निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत है। असली चुनौती यह है कि वैश्विक अस्थिरता के बीच आर्थिक विकास की रफ्तार को कैसे बनाए रखा जाए। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं तो सरकार की कई विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है। कुछ परियोजनाएं धीमी पड़ सकती हैं और कुछ में देरी होना स्वाभाविक है। निजी निवेश पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि उद्योग जगत अनिश्चित माहौल में निवेश को लेकर सतर्क हो जाता है। खाड़ी संकट जल्द नहीं सुलझा तो जरूरी वस्तुओं की कमी हो सकती है और सप्लाई चेन बाधित हो सकती है। ऐसे में सरकार पूरी सावधानी के साथ कदम उठा रही है। देखा जाए तो देश में अभी तक कीमतें और उपलब्धता काफी हद तक नियंत्रण में हैं। लेकिन यह आगे नहीं बढ़ेंगी इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि खाड़ी संकट जल्द दूर होगा, अर्थव्यवस्था पर दबाव कम होगा और आमजन को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी।



मुद्रा

डॉ. अश्विनी महाजन

# आत्मनिर्भरता से मजबूत होगा रुपया

**जब 10 मई, को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीजल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है।**

भारतीय रुपया लंबे समय से कमज़ोर हो रहा है, लेकिन अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के ढाई महीने के बहुत कम समय में रुपये के मूल्य में आई हालिया गिरावट नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा कारण है। हालांकि, भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट का सीधे तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया, लेकिन यह कोई भी समझ सकता है कि जब 10 मई, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि खाड़ी युद्ध की इस अवधि के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38 अरब अमेरिकी डॉलर कम हो गया है, और हमारा भंडार 27 फरवरी को 728.5 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 12 मई, 2026 तक 690.7 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है।

आम तौर पर, रुपये की स्थिरता के बारे में दो तरह के विचार हैं। एक वर्ग मानता है कि विनिमय दर, बाज़ार द्वारा निर्धारित एक मूल्य से ज़्यादा कुछ नहीं है; और अगर मुद्रा का मूल्य गिरता भी है, तो भी किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आयात और निर्यात विनिमय दर के अनुसार अपने आप समायोजित हो जाएंगे। उनका मानना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आयात को हतोत्साहित और निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। भारतीय रुपये के बारे में, कभी-कभी उनका मानना होता है कि इसका मूल्य ज़रूरत से ज़्यादा है, और इसलिए यदि रिज़र्व बैंक रुपये में किसी भी गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, क्योंकि ऐसा करने से आयात को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात हतोत्साहित होगा। दूसरा वर्ग एक मज़बूत रुपये में विश्वास रखता है। उन्हें लगता है कि केवल एक मज़बूत रुपया ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, और ऋण सेवाओं (मूलधन और ब्याज की अदायगी), लाभांश, रॉयल्टी, वेतन और अन्य आय हस्तांतरणों के कारण होने वाले विदेशी मुद्रा के बहिर्प्रवाह को नियंत्रण में रख सकता है। सत्ता की बागडोर संभालने से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह तर्क देते रहे हैं कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण ही रुपये में गिरावट आई है, और इसलिए केवल सही नीतियों द्वारा ही समूह ही रुपये के अवमूल्यन को रोका जा सकता है। हालांकि, रुपये का मूल्य हमेशा से चर्चा का विषय रहा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि सरकार चाहे कितनी भी मज़बूत क्यों न हो, वह कृत्रिम रूप से विनिमय दर तय नहीं कर सकती और न ही इसे बढ़ाने में मदद कर सकती है। विनिमय दर विदेशी मुद्राओं (जैसे डॉलर) की मांग और आपूर्ति द्वारा तय होती है। जहां विदेशी मुद्रा की मांग वस्तुओं और सेवाओं के आयात, ऋण चुकाने (अतीत में लिए गए ऋणों के मूलधन और ब्याज की वापसी), लाभांश, रॉयल्टी, तकनीकी शुल्क, वेतन और अन्य आय हस्तांतरण के कारण होती है; वहीं विदेशी मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के शुद्ध प्रवाह, और विदेशों से प्राप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आदि से होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कभी-कभी भारतीय रिज़र्व बैंक बाज़ार में हस्तक्षेप करता है और बाज़ार में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाकर रुपए में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिश करता है; लेकिन यदि चालू खाते पर भुगतान संतुलन में लगातार घाटे के कारण रुपए का मूल्य गिरता है, तो लंबे समय में इस प्रकार के हस्तक्षेप का प्रभाव बहुत सीमित होता है। रुपये के मूल्य को कृत्रिम रूप से बनाए रखने के लिए आरबीआई को अपने विदेशी मुद्रा भंडार से लगातार अधिक से अधिक डॉलर बाज़ार में डालने पड़ते हैं। इसलिए, यह खतरा बना रहता है कि यदि रिज़र्व बैंक विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसका विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त हो सकता है। अतः, रुपए का मूल्य सुधारने के लिए, हमें इस घाटे के लिए ज़िम्मेदार मूल कारणों को ठीक करने की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में भारत में रुपये के मूल्य पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच रुपए का मूल्य अपेक्षाकृत स्थिर रहा और इस अवधि के दौरान इसमें मात्र 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। लेकिन 1 अप्रैल 2025 से अब तक, एक साल से कुछ अधिक समय में ही रुपये का मूल्य 11.7 प्रतिशत गिर गया है। इस अवधि के दौरान सबसे बड़ी गिरावट 27 फरवरी 2026 को युद्ध शुरू होने से लेकर 13 मई 2026 तक के समय में हुई। मात्र ढाई महीने की छोटी सी अवधि में ही रुपए का मूल्य काफी गिर गया 4.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ, यह 91.1 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरकर 95.5 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। इससे नीति निर्माताओं में बड़ी चिंता व्याप्त है।



हम समझते हैं कि रुपये की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे व्यापार घाटा तेज़ी से बढ़ रहा है, और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बाज़ारों में भारी बिकवाली भी जारी है। भुगतान संतुलन का पहला हिस्सा वस्तुओं के व्यापार संतुलन से आता है। हम देखते हैं कि पिछले कुछ सालों में, वस्तुओं के आयात में बढ़ोतरी और निर्यात में सुस्ती का रुझान काफी बढ़ा है। लेकिन साल 2025-26 के दौरान, आयात में अचानक तेज़ी देखी गई, जबकि निर्यात लगभग स्थिर रहा; इसके परिणामस्वरूप वस्तु व्यापार घाटा 50 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ गया, और 2024-25 के 283.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 333.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, घाटे में हुई इस भारी बढ़ोतरी की कुछ हद तक भरपाई सेवाओं के व्यापार में हुए अतिरिक्त अतिरेक से हो गई; यह अतिरेक 2024-25 के 188.8 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 213.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, यानी इसमें 25 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अगर हम भारत द्वारा आयात किए जाने वाले मुख्य सामानों पर नज़र डालें, तो उनमें पेट्रोलियम उत्पाद, सोना, खाने का तेल, रासायनिक उर्वरक आदि शामिल हैं। वैश्विक संघर्षों, बाधित मूल्य श्रृंखलाओं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार के खत्म होने के खतरे के कारण लगातार गिरते रुपये की समस्या की गंभीरता को देखते हुए, देश के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्र को संकीर्ण राजनीतिक विमर्शों से ऊपर उठकर तेजी से कदम उठाने होंगे।

मंथन

विवेक मिश्रा



# साझा परिवहन जैसे प्रयोगों से ही होगी ईंधन की बचत

वैश्विक अर्थव्यवस्था को दलदल में घसीट रहे, पश्चिम एशिया के संघर्ष से, भारत जैसे प्रगतिशील देश अछूते रह सकें, यह संभव नहीं है। ऊर्जा की नश्वर तैलीय तमन्नाओं के उन्माद ने तरक्की पसंद मुल्कों की सरल राहों को रोका है। अतिवाद और तेलीयकरण के परिवेश में शांति प्रयासों की कोई सुबह होती नहीं दिख रही है, बढ़ती हुई पेट्रोल डीजल की कीमतें इस वास्तविकता की पुष्टि कर रहीं हैं। ऐसे संकटकाल में प्रधानमंत्री की देशवासियों से उपयोग व उपभोग में संयम बरतने की अपील, धैर्य की सभी कसौटियों को कसने के बाद ही की गई होगी, हम यह मानकर चलें। राजनीतिक दृष्टि से इस अपील की गहन गवेषणा की जा सकती है। इस एवज में कि हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 85% विदेशों से आयात करते है, जिसमें फारस की खाड़ी वाले मार्ग का हिस्सा 35% है। चीन के बाद गोल्ड का सबसे बड़ा उपभोक्ता भारत है और यह भी आयात पर ही निर्भर है। इस तरह ईंधन और स्वर्ण आभूषण से दबी भारतीय अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा डॉलर पर बहुत निर्भर करती है, जंग से निर्मित हालातों में बढ़ती कीमतों और हमारी मांगों से विदेशी मुद्रा भंडार के तेजी से कम होने का खतरा बढ़ रहा है, जनवरी की तुलना में मई 2026 में यह लगभग 723 बिलियन डॉलर से 690 बिलियन डॉलर पर आ चुका है। इन परिस्थितियों में संयम के संयुक्त प्रयत्नों से ही हम भारत के प्रगति पथ को निर्बाध संचालित रख सकते हैं। संयुक्त प्रयास इसलिए महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह हम 140 करोड़ भारतीयों के दैनंदिन व्यवहार और बरतने की आदतों से जुड़ा विषय है। प्रयासों के इस क्रम में नेतृत्व कर्ताओं द्वारा अपने काफिलों से कमोबेश पचास प्रतिशत वाहन कम करने की बात कही गई है, जिसकी पालना फिलहाल कई माननीयों के द्वारा सड़कों पर किए गए वाहन शक्ति प्रदर्शन में देखने को नहीं मिल सकी, हालांकि केंद्रीय व शीर्ष नेतृत्व सराहनीय रूप से प्रयास कर रहे हैं । निजी क्षेत्र जरूर अपने सशक्त तकनीकी ढांचे के दम पर वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को तुरंत मूर्तरूप दे सकते हैं। सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों के आवागमन को सार्वजनिक व साझा परिवहन से जोड़कर इच्छित परिणाम हासिल किए जा सकते है। अधिकांशतः सभी सरकारी दफ्तर सप्ताह में पांच दिन संचालित किए जाते हैं, लेकिन देशभर में स्कूल प्रायः सप्ताह में छह दिन लगाए जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाशों की अवधि भी 1980 से 2010 तक 2 माह तक हुआ करती थी , यह अधिकांश राज्यों में अब 30 से 45 दिन तक सिमट चुकी है। आने वाले 1 वर्ष के लिए यदि 5 दिवसीय व्यवस्था और ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है, तो कुछ चमत्कृत परिणाम हासिल हो सकते है। एक प्रयोग मॉडल के तरह हम इस पर विमर्श कर सकते हैं:- इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के हिसाब से देशभर के 10 लाख सरकारी स्कूलों में 51 लाख सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। यदि यह सभी शिक्षक बाइक साझा कर अपने अपने घरों से स्कूल आने जाने के लिए कम से कम 10 किलोमीटर का सफर भी तय करते हैं, तो एक मोटरसाइकिल से दो शिक्षकों को 200 एम.एल. पेट्रोल की जरूरत होती है। वहीं देशभर के शिक्षकों के साथ ईंधन की यह खपत 510000 लीटर /प्रतिदिन हो जाती है। पेट्रोल की इस खपत को यदि अगले एक वर्ष के लिए फाइव डे वर्किंग मॉडल और 2 महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश से जोड़ दें (मौजूदा 1 माह के अवकाश से 30 दिन अधिक) तो कुल 39,780,000 लीटर पेट्रोल की बचत की जा सकती है। इतने मात्रा के पेट्रोल को परिष्कृत करने में लगने वाले कच्चे तेल की तादाद 86,478,261 लीटर या 77,698 मीट्रिक टन हो जाती है। (1 लीटर कच्चे तेल से लगभग 450 एम.अल. पेट्रोल का उत्पादन होता है।) आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 478 करोड़ रुपये होगी। हालांकि यह तथ्य भी स्पष्ट करना जरूरी है, कि भारत में कच्चे तेल की प्रतिदिन खपत 7,50,000 मीट्रिक टन है,अर्थात वर्षभर किए गए इन तमाम प्रयासों के बाद भी हम एक दिन की खपत का केवल 10% प्रतिशत ही कच्चा तेल बचा सकेंगे, जो देश में मात्र ढाई घंटे की आपूर्ति को पूरा करेगा।

## शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व गंगा दशहरा

भारतीय संस्कृति में नदियों को केवल जलधारा नहीं बल्कि जीवन, चेतना और मोक्ष का स्रोत माना गया है। इनमें भी मां गंगा का स्थान सर्वोच्च है। करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि सनातन सभ्यता की आत्मा है। हिमालय की गोद से निकलकर मैदानों को जीवन देने वाली गंगा सदियों से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, कृषि, साहित्य और लोकजीवन की धुरी रही है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा दिव्य चेतना और गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का महापर्व है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। इस बार यह पर्व अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों में आया है। यह आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है।

*- विवेक पटेरिया, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में कानून-व्यवस्था बनाने भारत ने दिए 134 पुलिस वाहन

भारत ने सोमवार को कोलंबो में राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित समारोह में श्रीलंका को 134 पुलिस वाहन सौंपे, जिसे दोनों देशों के बीच 'बहुआयामी विकास साझेदारी' में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इस सौदे से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिसंबर 2024 मे श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीलंका पुलिस को 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये से खरीदे गए 134 वाहन सौंपे गए।



## ऑफ बीट

### विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है।



## ट्रेंड

### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं



भीषण गर्मी को देखते हुए, मै आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में नीट परीक्षा आयोजित करने वाले जिले के अधिकारियों व सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में जरूरी बुनियादी सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करें। -धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### देश में इबोला का केस नहीं



सभी अधिकारी देश भर में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और भूमि सीमा पार करने सहित देश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर इबोला स्क्रीनिंग व्यवस्था को पूरी तरह से सतर्क और मजबूत रखें। अभी देश में इबोला का कोई केस नही है यह राहत वाली बात है। -जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### एक और संस्था धांधली का प्रतीक



मोदी-प्रधान की जोड़ी ने एक और संस्था को धांधली का प्रतीक बना दिया। दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं। 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और एक हफ्ते से ओएसएम गलत मार्किंग और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष

### भारत में कम बढ़ोतरी



नेता विपक्ष राहुल गांधी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया भर में तेल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आया है, हालांकि, इसकी तुलना में भारत में कीमतों में हुई बढ़ोतरी मामूली रही है, विशेष रूप से तब जब इसे अमेरिका, ब्रिटेन और खाड़ी देशों में हुई वृद्धि के साथ देखा जाए। -गौरव भाटिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

**संक्षेप**

## गोमती नदी किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**ग्रामीणों ने नदी पुल के नीचे देखा, पुलिस शिनाख्त में जुटी**

अमेठी, जगदीशपुर के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के गाजनपुर गांव में सोमवार को गोमती नदी किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। नदी पुल के नीचे मिले शव की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजेयन्द पटेल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकाला। मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई।पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष अनुमानित है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर अंगूठे के निशान और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है। पुलिस अब मृतक की शिनाख्त करने और उसकी मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## दर्जनों लाइसेंस निलंबित

**हादसा कर भागने और ओवरलोडिंग पर परिवहन विभाग की कार्रवाई**

अमेठी , परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पिछले एक महीने में दर्जनों ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। विभाग सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 19 के तहत, विभाग ने जिले में दुर्घटना कर मौके से फरार होने वाले 9 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित किए हैं। इसके अतिरिक्त, 13 ओवरलोड वाहन चलाने वाले ड्राइवरों के लाइसेंस भी निलंबित किए गए हैं। ओवरलोडिंग से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। परिवहन विभाग ने दूसरे राज्यों से अमेठी आकर नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहन चालकों के लाइसेंस भी निलंबित किए हैं। इनमें सुल्तानपुर, हापुड़, कौशांबी, तेलंगाना, महोबा, नागपुर, पटना, चंडीगढ़ और मुरादाबाद के चालक शामिल हैं।एआरटीओ कार्यालय के अनुसार, लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह अभियान शुरू किया गया।

## विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**अघोषित बिजली कटौती से किसान-बच्चे परेशान, त्वरित समाधान की मांग**

अमेठीः विधानसभा अमेठी की विधायक महाराजी प्रजापति ने क्षेत्र में जारी बिजली संकट पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने भीषण गर्मी के बीच विधानसभा क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती से निजात दिलाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि पिछले कई दिनों से पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित है, जिससे आम जनता बेहाल है।विधायक प्रजापति ने बताया कि दिन-रात की बिजली कटौती से किसानों को सिंचाई में भारी बाधा आ रही है। धान की नर्सरी और रोपाई का यह महत्वपूर्ण समय है। लेकिन बिजली न मिलने से किसान परेशान हैं। रात्रि में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है

# रुपईडीहा में धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-अजहा, देश में अमन-चैन की मांगी दुआ

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व रविवार को अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। त्योहार के अवसर पर कस्बे की विभिन्न मस्जिदों एवं ऐतिहासिक ईदगाह में हजारों मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। सुबह से ही कस्बे में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। रुपईडीहा गांव, छोटी मस्जिद, बड़ी मस्जिद, नई बस्ती मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में सुबह 6:30 बजे से 7:00 बजे के बीच ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। इसके बाद सुबह करीब 8:30 बजे रुपईडीहा के



ऐतिहासिक ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के दौरान लोगों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा कर त्याग, बलिदान एवं इंसानियत का संदेश दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा घर पहुंचकर कुबार्नी की रस्म अदा की। पूरे कस्बे में दिनभर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना रहा। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाइयां देते नजर आए। धार्मिक विद्वानों ने बताया कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और इंसानियत का प्रतीक पर्व है, जो लोगों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। नमाज के उपरांत सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों में देश की तरक्की, अमन-शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं भी की गईं।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का श्रम मंत्री ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग अनिल राजभर ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, सेवा योजना अधिकारी संजय कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजभर ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की प्रसन्सा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर



एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है। श्री राजभर ने कहा कि यहा आकर बहुत ही खुषी मिल रही है। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारियों ने मिलकर बहुत ही तन्मयता से इस स्मारक को बनाने का काम किया है। स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए श्री राजभर ने झील के चारों ओर पाथ-वे के साथ-साथ झील की साफ-सफाई, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्द्रर्यीकरण कराये जाने का भी आष्वासन दिया।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में शुक्रवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर छात्राओं ने महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से साफ-सफाई, स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दिया गया। इस संबंध में एसकेएस कॉलेज सबलापुर की जीएनएम छात्रा ईशा तिवारी ने बताया कि मासिक धर्म महिलाओं की सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, इसे लेकर किसी प्रकार की झिझक नहीं होनी चाहिए। वहीं शीतू शुक्ला ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ सैनिटरी पैड का उपयोग और समय-समय पर उसे बदलना बेहद जरूरी है। अंशिका शुक्ला ने किशोरियों को साफ-सफाई अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मौजूद लोगों से मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और महिलाओं के



स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनने की अपील की गई। छात्राओं ने हैप्पी पीरियड्स, हेल्दी यू का संदेश देते हुए सभी को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान दिव्या, जूली, साक्षी, नैन्सी, विजेता, अंजली, पूजा, पूनम, रेनू समेत अन्य छात्राएं मौजूद रहीं।

# प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर प्रधान सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**जो दिया है, उसे ब्याज सहित करेंगे वापस: भगवानदीन मिश्रा जिलाध्यक्ष**

अमन लेखनी समाचार /आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने को लेकर प्रधान सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष शिवपुर कमला प्रसाद वर्मा ने की। बतौर मुख्य अतिथि प्रधान संग के जिलाध्यक्ष भगवानदीन मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री जी ने हम प्रधानों को सम्मान दिया है उसे ब्याज सहित वापस करूंगा। उन्होंने सभी प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाए। सभा को अनूप सिंह (अन्नू), घनश्याम सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू, तथा कमला प्रसाद वर्मा ने भी संबोधित किया। सभी प्रधानों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानों ने एक दूसरे को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। इस दौरान क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए जाने की घोषणा पर प्रधानगणों में काफी प्रसन्नता है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

संवैधानिक कार्यवाही में जुटी इलाकाई पुलिस

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दो बाइकों की भीषण टक्कर में एक की मौत, अन्य घायल। संवैधानिक कार्यवाही व जांच में जुटी खैरीघाट पुलिस, घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर।खबर है कि बहराइच के खैरीघाट थाना अंतर्गत मुरलीपुरवा पाठकपुरवा के पास शुक्रवार शाम को दो बाइक सवारों का आपस में टकराव हो जाने के कारण बाइक बजाज सीटी हैंड्रेड पर सवार अवध राम पासवान पुत्र बृजलाल पासवान निवासी मुरलीपुरवा पाठकपुरवा की मृत्यु हो गई। व इनके सम्बन्धी धर्मेंद्र पासवान व लेखराम पासवान को भी चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष के हीरो स्प्लेंडर पर सवार प्रकाश निषाद पुत्र बाबू निषाद व पेशकार निषाद पुत्र खिलावन निषाद निवासी गंगा सिंह बेली, चौकसाहार को भी चोटें आई हैं। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया तथा ग्रामीणों की भारी भी जमा हो गई। सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जिस पर पहुंची खैरीघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है। शेष घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सीएससी भेजा गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक सवार हुए घायल

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया पेट्रोल पंप के पास दो बाईकों में आमने-सामने की हुई टक्कर में दोनों बाइक सवार हुए घायल। राहगीरों का स्थानीय पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पताल में कराया गया भर्ती जहां से जिला अस्पताल किया गया रेफर। खबर है कि आज शुक्रवार को समय करीब 5:00 बजे सायं नासिर पुत्र शौकत अली निवासी मोतीपुरवा झिंगहुवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच उम्र करीब 18 वर्ष मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स यू पी 40 ए सी 65 57 से पिपरिया कांटा से रामपुर चौराहे की तरफ जा रहा था तथा रमेश विश्वकर्मा पुत्र परशुराम विश्वकर्मा निवासी एकघरा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच उम्र करीब 55 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से एडुकहा से पिपरिया मार्ग पर आ रहे थे तभी दोनों मोटरसाइकिल सवार का आपस में एक्सीडेंट पिपरिया कांटा के पास हो गया। दोनों चालक को चोट लगी है




जिन्हें रामपुर धोबिया हार हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल बहराइच के लिए डॉ द्वारा रेफर कर दिया गया है। वहीं परिजन एक्सीडेंट को लेकर काफी परेशान है। आवश्यक जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाले 4 चोर गिरफ्तार

**मारने की नीयत से की थी फायरिंग, तमंचा, कारतूस समेत सामान बरामद**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , गौरीगंज पुलिस ने चोरी की घटनाओं में शामिल चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, चोरी का गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, पाइप, चोरी के औजार और एक बोलेरो वाहन बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में की गई।क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान




मुखबिर से सूचना मिली कि रघुपुर गांव के पास बोलेरो सवार कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने सूझबूझ से काम लेते हुए चारों आरोपियों नितिन उर्फ दन्ना पासी, परमानंद यादव, राज यादव और सलमान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से एक तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस, सब्बल, प्लास, पेंचकस और टॉर्च बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बोलेरो की नंबर प्लेट बदलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कौहार से लैपटॉप, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा और पाइप चोरी करने की बात स्वीकार की।

# ऑटो चालक की पीट-पीटकर हत्या

**1700 रुपए के लिए गिराकर लात-घूसों से पीटा, अधमरा छोड़कर भागे**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , देर रात एक ऑटो चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक किराए पर ऑटो चलाता था और ऑटो मालिक का उस पर 1700 रुपए बकाया हो गया था। देर शाम वह अपनी पत्नी के साथ हॉस्पिटल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ऑटो मालिक ने उसे रोक लिया और किराए के पैसे मांगे। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।इसके बाद ऑटो मालिक के परिजनों ने चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे जमीन पर गिराकर लात-घूसों से बेरहमी से पीटा। मारपीट के बाद आरोपी उसे अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद पत्नी उसे अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना


यामीन, मृतक

बन्नादेवी थाना क्षेत्र की है। तबीयत खराब होने से नहीं हुई कमाई मृतक की पहचान यामीन के रूप में हुई है। वह सारसौल पुलिस चौकी के पीछे स्थित मोहल्ला मधूमिल का रहने वाला था। यामीन की पत्नी सलमा ने बताया- मेरे पति पड़ोसी मुनीस का ऑटो किराए पर लेकर चलाते थे। उसी कमाई से परिवार का गुजारा चलता था। यामीन पिछले दो दिनों से ऑटो मालिक के परिजनों को उनके रिश्तेदारों के यहां लाने-ले जाने में लगे थे, जिससे वह कमाई नहीं कर सके और किराया नहीं दे पाए। इसी बीच उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें लूज मोशन होने लगे। इसलिए वह ऑटो लेकर काम पर नहीं गए। देर रात तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर मैं उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। उन्होंने बताया- रास्ते में पड़ोसी मुनीस, अनीस और नफीस मिल गए। तीनों ऑटो का किराया मांगने लगे। इस पर यामीन ने कहा कि पिछले 2 दिनों तक उन्होंने उनके परिवार को रिश्तेदार के घर ले गए। उसका पैसा किराए में काट लिया जाए। बाकी पैसा ऑटो चलाकर दे देंगे। इस बात पर मुनीस ने कहा कि किराया पूरा देना होगा, उसमें कोई कटौती नहीं होगी। विरोध करने पर तीनों गाली-गलौज करने लगे और मारपीट शुरू कर दी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

**अजय राय को महोबा पीड़िता से मिलने पर रोकने और भ्रष्टाचार पर उठाए सवाल**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का जिक्र करते हुए सवाल किया कि क्या किसी पीड़ित परिवार से मिलना गुनाह है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि महोबा में एक दलित पीड़िता के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म और प्रताड़ना हुई थी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जब पीड़ित परिवार से मिलने गए, तो उन्हें कई स्थानों पर रोका गया। इसके बावजूद वे परिवार तक पहुंचे और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। बाद भाजपा के छोटे से बड़े मंत्री तक भ्रष्टाचार की बात करने लगे। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि यदि भ्रष्टाचार देखना है तो शाहजहांपुर के नगर निगम को देखा जा सकता है। उन्होंने नगर निगम में प्रतिमाओं,




बिजली व्यवस्था और सड़कों की खराब स्थिति का उल्लेख किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता को राहत देने की बात होनी चाहिए, न कि पीड़ित से मिलने जाने को गुनाह बताना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और महोबा के पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। रजनीश गुप्ता ने सरकार पर समस्याओं से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेताओं का साइकिल या बाइक से चलना केवल एक नाटक है, जिससे जमीनी समस्याएं हल नहीं होंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 24 घंटे बिजली देने के वादे पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या शाहजहांपुर को छुट्टा जानवरों से मुक्ति मिली है। जिलाध्यक्ष ने पेपर लीक की घटनाओं का भी जिक्र किया।

# धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करते थे**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महेशगंज थाना क्षेत्र में दर्ज एक शिकायत के



बाद की गई। झींगुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी। शिकायत में बताया गया था कि ₹कॉमेडियन सचिन₹ नामक सोशल मीडिया आईडी से देवी-देवताओं और एक विशेष समुदाय के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक वीडियो और टिप्पणियां प्रसारित की जा रही हैं। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए महेशगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।जांच के दौरान पुलिस टीम ने दो आरोपियों सचिन गुप्ता और देवीदीन गौतम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने का अपराध स्वीकार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है। प्रतापगढ़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री साझा न करें।

# प्रेमिका के पति को कब्रिस्तान ले जाकर मारा

**फोन कर बोला- काम खत्म हो गया, पत्नी नहीं कराना चाहती थी पोस्टमॉर्टम**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पति की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी।घटना कोहंडौर क्षेत्र के भावापुर गांव की है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि 28 अप्रैल 2026 की रात विनोद कुमार शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश की तो उनका शव गांव के कब्रिस्तान के पास मिला। शिकायतकर्ता ने मृतक की पत्नी पिंकी देवी पर संदेह जताया था। इसी आधार पर पुलिस ने पिंकी देवी और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों ने पूरे मामले का पदार्फाश कर



दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी पिंकी देवी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। 2 साल से पत्नी का अफेयर चल रहा था पिंकी देवी ने बताया कि उसका अपने गांव के बदरे आलम से पिछले करीब दो साल से प्रेम संबंध था। बदरे आलम का उनके घर आना-जाना था और दोनों फोन पर भी लगातार बात करते थे। जब उसके पति को इस संबंध के बारे में पता चला, तो वह अक्सर नाराज रहता था। पति के विरोध से परेशान होकर पिंकी देवी और उसके प्रेमी ने मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के अनुसार, रात प्रेमी बदरे आलम ने पिंकी के मोबाइल से विनोद कुमार को फोन कर कब्रिस्तान के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर विनोद कुमार को कुछ खिलाया-पिलाया गया, फिर नाक और मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद बदरे आलम ने पिंकी को फोन कर बताया कि काम खत्म हो गया है शव मिलने पर अंजान बनने का नाटक करती रही घटना के बाद पिंकी देवी ने सच्चाई छिपाने की कोशिश की।

## संक्षेप

### सरकारी सड़क पर अवैध कब्जा, डीएम से शिकायत

**वार्ड-6 में नोटिस के बाद भी नहीं हटा निर्माण, लोगों को डीएम का आश्वासन**

बागपत ,बड़ौत नगर में अवैध निर्माण के कारण एक गली संकरी हो गई है। मोहल्लेवासियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यह मामला पट्टी मेहर पूर्वी तिहाईयान वार्ड नंबर-6, कमला नेहरू कन्या पाठशाला क्षेत्र का है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कुछ लोगों ने गली में सरकारी सड़क पर लगभग दो से ढाई फीट तक अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है। उनका कहना है कि यह गली मूल रूप से मात्र 10 फीट चौड़ी है, लेकिन दोनों तरफ हुए अवैध निर्माण के कारण रास्ता बेहद संकरा हो गया है। बड़ौत नगर पालिका परिषद ने 16 मई 2026 को इस अवैध निर्माण को हटाने के लिए सात दिन का नोटिस जारी किया था। हालांकि, मोहल्लेवासियों के अनुसार, अब तक न तो निर्माण हटाया गया है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका में एक व्यक्ति एजेंट के रूप में काम करता है, जिसके प्रभाव के कारण कर्मचारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। इस संकरे रास्ते के कारण मोहल्लेवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीमार और बुजुर्ग लोगों को व्हीलचेयर या चारपाई पर बाहर लाने में दिक्कत होती है। इसके अलावा, एंबुलेंस, सफाई वाहन और ई-रिक्शा जैसे आवश्यक वाहन भी गली के अंदर नहीं पहुंच पाते हैं ।लोगों ने आपातकालीन स्थितियों में जान जोखिम में पड़ने की आशंका जताई है। गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पानी का टैंकर भी गली में नहीं जा पाता। निवासियों का यह भी आरोप है कि जब वे अवैध निर्माण हटाने की बात करते हैं, तो उन्हें धमकियां और मारपीट की चेतावनी दी जाती है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर सरकारी सड़क से अवैध निर्माण और चबूतरे को तत्काल हटवाने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। डीएम अस्मिता लाल ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया

### जिला बार एसोसिएशन ने नाली निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

**पुलिस लाइन मार्ग पर जलभराव से बचाव की मांग, डीएम ने दिया समाधान का आश्वासन**

बागपत, जिला बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इसमें दिल्ली-सहारनपुर रोड से पुलिस लाइन तक बनी नई सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण की मांग की गई है। एसोसिएशन का कहना है कि इस मार्ग के निर्माण से न्यायालय, विकास भवन, जिला आरटीओ ऑफिस आने-जाने वाले हजारों लोगों को सुविधा मिली है। अधिवक्ताओं ने बताया कि यह सड़क जिले के कई प्रमुख सरकारी कार्यालयों को जोड़ती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिक, वकील और अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं ।बार एसोसिएशन ने जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में जलभराव की आशंका है, जिससे नई सड़क क्षतिग्रस्त हो सकती है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है ।ज्ञापन में मांग की गई है कि पुलिस लाइन से माननीय न्यायाधीशों के आवास के पास स्थित प्राकृतिक नाले तक सड़क के दोनों ओर पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए।

# यूपी के बाहुबलियों की क्राइम हिस्ट्री मामले में सुनवाई

**सरकार ने हाईकोर्ट में 42 लोगों की रिपोर्ट दी, 41 लोगों के हिस्ट्री के लिए समय मांगा था**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,यूपी के बाहुबलियों की क्राइम हिस्ट्री मामले में आज यानी शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। 18 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में शास्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग करने वालों और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने के संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा था। इसके बाद 26 मई को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा था। इस संबंध में यूपी सरकार ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। राज्य सरकार ने हलफनामा दाखिल करते हुए कोर्ट में बताया कि 83 लोगों के बारे में सूचनाएं मांगी गई थीं जिनमें से 42 लोगों की जानकारी हाईकोर्ट में पेश कर दी गई है। अन्य बचे 41 लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। सभी की रिपोर्ट के सत्यापन का काम चल रहा है। साथ ही सरकार ने कोर्ट से आगे एक सप्ताह का समय मांगा था। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 29 मई 2026 की तारीख तय कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने साफ किया था कि अब इस मामले में अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

### राजा भैया, बृजभूषण, धनंजय सिंह समेत 50 की रिपोर्ट

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राजा भैया, बृजभूषण, धनंजय सिंह समेत 50 से ज्यादा बाहुबलियों की क्राइम कुंडली यूपी सरकार से मांगी है। कोर्ट ने बाहुबलियों के गन लाइसेंस और सुरक्षा की भी जांच करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने गृह विभाग के अफसरों को फटकार लगाते हुए 26 मई तक जांच रिपोर्ट जमा करने को कहा है। साथ ही गृह विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी हलफनामा के साथ संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों और कमिश्नरेट के कमिश्नरों की अंडरटेकिंग (लिखित जिम्मेदारी) भी देंगे। दरअसल, संत कबीरनगर के रहने वाले जयशंकर उर्फ बैरिस्टर ने गन लाइसेंस जारी करने में नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 18 मई को उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विनोद दिवाकर की बेंच ने यह दिया। 20 मई को यह आदेश हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुआ।

# प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

**कार-बस टक्कर में तीन की मौत, एक युवक गंभीर**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज,, प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर शुक्रवार दोपहर को हंडिया थाना क्षेत्र के भेस्की गांव के पास एक सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज की ओर जा रही एक कार को वाराणसी की तरफ से आ रही सरकारी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार कई बार घूमते हुए लगभग 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतकों की पहचान जौनपुर के मीरगंज भतहर निवासी राकेश त्रिपाठी (60 वर्ष), उनकी पत्नी प्रभावती देवी और गोपीगंज निवासी शुभम दुबे (27 वर्ष) के रूप में हुई है। राकेश त्रिपाठी के पुत्र राहुल त्रिपाठी इस हादसे में सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया गया है कि सभी लोग ज्ञानपुर से झूंसी जा रहे थे। राकेश त्रिपाठी अपनी बेटी के घर जा रहे थे, तभी भेस्की गांव के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त सरकारी बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

# एसएसपी ने अधिवक्ताओं से मिलने से किया इनकार

**नाराज वकीलों ने न्यायालय बंद कर 'नो वर्क' का प्रस्ताव पारित किया**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,एसएसपी अविनाश पाण्डेय द्वारा अधिवक्ताओं से मिलने से इनकार करने के बाद वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। नाराज अधिवक्ताओं ने न्यायालय में 'नो वर्क' का प्रस्ताव पारित करते हुए कार्य बंद कर दिया ।अधिवक्ताओं के अनुसार, एसएसपी ने उनसे मिलने के लिए सुबह 10:30 बजे का समय दिया था। इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री, जिला बार के वर्तमान अध्यक्ष और सचिव, साथ ही मेरठ बार के अध्यक्ष और सचिव परवेज आलम सहित कई अधिवक्ता शामिल होने गए थे ।मेरठ बार और जिला बार के पदाधिकारी को पुलिस ने नहीं पहचाना अधिवक्ताओं का कहना है कि जब वे एसएसपी कार्यालय पहुंचे, तो वहां भारी पुलिस बल तैनात था, जिससे कार्यालय छावनी जैसा लग रहा था। अधिवक्ताओं के हाथों में लाठी नहीं थी और वे शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने गए थे। हालांकि, कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया और उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया ।अधिवक्ताओं ने बताया कि जब उन्होंने खुद को अधिकारी बताते हुए मुलाकात की मांग की, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें रोका। इस घटना से सभी अधिवक्तागण आक्रोशित हो गए ।एसएसपी के व्यवहार के विरोध में अधिवक्ता 'नो वर्क' पर रहे एसएसपी के इस व्यवहार के विरोध में अधिवक्ताओं ने तत्काल प्रभाव से 'नो वर्क' का प्रस्ताव पारित कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि आगे की रणनीति तय करने के लिए जल्द ही एक और बैठक आयोजित की जाएगी।

# बदमाश ने पुलिस बैरियर तोड़कर भगाई कार

**पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश, कई घायल; आधे घंटे तक चला ड्रामा**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , सरूरपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ईको कार पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए फरार हो गई। कार सवार बदमाश ने पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की, जिसमें चौकीदार समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। करीब आधे घंटे तक हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर पुलिस और बदमाश के बीच हाईवोल्टेज पीछा चलता रहा। जानकारी के अनुसार दोपहर सरूरपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि शामली की तरफ से एक कुख्यात बदमाश का परिवार ईको कार में मेरठ-करनाल हाईवे से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। भूनी टोल और भूनी फ्लाईओवर के नीचे बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात कर दिया गया ।पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए पूरी घेराबंदी की थी। हथियारबंद पुलिसकर्मी तैनात थे और वायरलेस पर लगातार संदेश भी प्रसारित किए जा रहे थे। लेकिन बदमाश ने पुलिस की तैयारी भांप ली और फिल्मी अंदाज में बैरियर तोड़कर फरार हो गया ।फ्लाईओवर पर बैरिकेडिंग देख बदला रास्ता प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही ईको कार भूनी फ्लाईओवर के नीचे पहुंची और चालक ने सरधना मार्ग पर पुलिस बैरिकेडिंग देखी, उसने अचानक गाड़ी मोड़ दी। इसके बाद कार मेरठ-करनाल हाईवे पर उल्टी दिशा में शामली की ओर दौड़ पड़ी ।अचानक हुई इस हरकत से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। कई पुलिस गाड़ियां और बाइकें उसके पीछे दौड़ पड़ीं। इसके बाद शुरू हुआ करीब आधे घंटे तक चलने वाला हाईस्पीड पीछा, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी।

### थाने के सामने बैरियर तोड़कर भागा बदमाश

बताया गया कि बदमाश हाईवे से सलावा राइट माइनर मार्ग होते हुए सरधना-बिनौली रोड की तरफ बढ़ा। सूचना मिलते ही सरूरपुर थाने के सामने आनन-फानन में बैरिकेडिंग लगा दी गई। पुलिसकर्मी राइफल और असलहे लेकर सड़क पर मुस्तैद हो गए ।लेकिन हुआ बिल्कुल उल्टा। तेज रफ्तार से आती ईको कार ने थाने के सामने लगे बैरियर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बैरियर उछलकर जैनपुर निवासी चौकीदार सुकरमपाल पुत्र रघुवीर के पैर पर जा गिरा

# दबिश के दौरान पुलिस से भिड़ी महिलाएं

**गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी पुलिस, टीम को इनाम का ऐलान**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पुलिस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में पुलिसकर्मियों की कुछ महिलाओं से तीखी नोंकझोक हो रही है। पुलिस जहां एक घर में घुसने का प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ शोर मचा रही महिलाएं वीडियो बनाते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो 59 सेकंड का है। वीडियो में कुल चार पुलिसकर्मी दिख रहे हैं, जिसमें दो सब इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। दरवाजे के पीछे से यह वीडियो कुछ लोगों के द्वारा बनाया जा रहा है। पुलिसकर्मी इस दरवाजे को ही खोलने का प्रयास कर रहे हैं। वीडियो बनाने वाले लोग पुलिस पर बेवजह उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं।

### महिलाओं को समझाना दिख रहा दरोगा

वायरल वीडियो में जहां दोनों पक्षों के बीच नोक झोक दिखाई दे रही है वही पुलिसकर्मी हंगामा कर रही महिलाओं को समझने का प्रयास भी कर रहे हैं ।पुलिस कर्मी दरवाजा खोलना चाहते हैं लेकिन महिलाएं उन्हें ऐसा नहीं करने दे रही। एक दरोगा यह कहता भी दिखाई दे रहा है कि हट जाइए, आपको चोट लग जाएगी।

### कंकरखेड़ा क्षेत्र का निकला वायरल वीडियो

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अफसरों तक पहुंच गया। छानबीन की तो पता चला वीडियो रात का कंकरखेड़ा क्षेत्र का है जिसमें पुलिस गैंगस्टर के एक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी ।जैसे ही पुलिस घर के अंदर पहुंची महिलाओं ने आरोपी को अपने साथ एक कमरे में बंद करके हंगामा करना शुरू कर दिया और वीडियो बना ली। एक दरोगा डंडे के जरिए दरवाजा तोड़ने का प्रयास भी कर रहा है।

# गहरी नींव खुदाई से मकान ढहा, बच्ची समेत 3 घायल

**लोनी की सरद सिटी कॉलोनी में हादसे के बाद लोगों ने लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद,लोनी स्थित सरद सिटी कॉलोनी में पड़ोसी द्वारा गहरी नींव खोदने के कारण एक मकान का हिस्सा ढह गया। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए, जिनमें 12 वर्षीय बच्ची भी शामिल है। घटना वार्ड नंबर-1 की है। जानकारी के अनुसार, प्लॉट मालिक प्रीतम सिंह पर आरोप है कि उन्होंने निर्धारित सीमा से अधिक गहरी नींव खुदवाई, जिसके चलते पड़ोसी अशोक कुमार के मकान का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। मलबे में किरायेदार संजय की 12 वर्षीय बेटी निशा दब गई। संजय और उनकी पत्नी कंचन भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद बच्ची निशा को मलबे से बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, निशा की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। लोगों ने प्लॉट मालिक प्रीतम सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी लापरवाही पर रोक लगनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों ।बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त मकान में करीब 15 किरायेदार मौजूद थे। वे सभी पिछले दरवाजे से बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका और पुलिस प्रशासन से बिना अनुमति और मानक से ज्यादा गहरी नींव खुदवाने वालों पर सख्त जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और शिकायत मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजकीय निर्माण निगम का जेई रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ठेकेदार से 1 लाख रुपए की घूस मांगी थी, उसका ड्राइवर भी धरा गया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,एंटी करप्शन की टीम ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के जूनियर इंजीनियर योगेंदर कुमार को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। जेई ने बिल पास कराने की एवज में रिश्वत मांगी थी। दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जिसमें यूनिट इंचार्ज प्रत्यूष सिंह का ड्राइवर नीरज भी शामिल है। सत्येंद्र सिंह तोमर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम में ठेकेदारी करते हैं ।लंबे समय से उनका पेमेंट विभाग में अटका हुआ है। उन्होंने विभाग में काफी प्रयास किया लेकिन भुगतान नहीं हो पाया। संपर्क किया तो पता चला की विभाग के खए के द्वारा यह पेमेंट रुकवाया जा रहा है। सत्येंद्र ने खए योगेंद्र कुमार से संपर्क किया तो योगेंद्र ने बिल पास कराने की एवज में एक लाख रुपए की मांग कर दीपिछले काफी समय से सत्येंद्र सिंह तोमर पर रिश्वत देने का दबाव बनाया जा रहा था। सत्येंद्र ने परेशान होकर एंटी करप्शन में शिकायत कर दी ।लिखित शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ने ट्रैप की प्रक्रिया शुरू कर दी। एंटी करप्शन टीम ने सत्येंद्र को केमिकल लगे एक लाख रूपए देकर विभाग में भेज दिया।

### ड्राइवर की मदद से ले रहा था रिश्वत

मंगलवार सुबह सत्येंद्र ने खए योगेंद्र कुमार से संपर्क किया तो उन्हें विभाग में बुला लिया गया। सत्येंद्र एंटी करप्शन टीम द्वारा दिए गए 1 लाख रूपए लेकर पहुंच गया। कार्यालय परिसर में पहुंचकर फोन किया तो खए ने इस यूनिट के इंचार्ज प्रत्यूष सिंह के ड्राइवर नीरज को रकम लेने के लिए भेजा। जैसे ही नीरज ने रकम पकड़ी एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया ।नीरज को लेकर एंटी करप्शन टीम विभाग में मौजूद योगेंद्र को दबोचने पहुंची तो वह भागने का प्रयास करने लगा लेकिन कुछ दूरी पर ही दबोच लिया गया।

अब जानिए कौन हैं सतेंदर सिंह तोमर सत्येंद्र सिंह तोमर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम में ठेकेदार हैं। उनकी चौधरी एसोसिएट नाम की फर्म है। वर्ष 2020 में सत्येंद्र की फर्म को बागपत स्थित राजा मिहिर भोज डिग्री कॉलेज बेगमाबाद पाबला का ठेका मिला। उस पूरे ठेके की कास्ट 8.50 करोड़ रुपये थी। वर्ष 2023 में उनके हिस्से का काम पूरा हो गया। काम पूरा होने के बाद सत्येंद्र ने भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी। आखिरी किश्त में भुगतान का दिया आश्वासन सत्येंद्र का आरोप है कि बिल देने के बावजूद उनको पेयमेंट नहीं किया गया। कहा बजट खत्म हो गया है, जैसे ही आएगा भुगतान करा देंगे। सत्येंद्र तोमर का कहना है कि जिस बजट का जिक्र विभाग करता था वह भी आ गया लेकिन विभाग ने बिल तैयार नहीं किए। बिल निकालकर अलग रख दिए। सात लाख के बिल थे, जिसकी जीएसटी वह जमा कर चुके थे। इससे जीएसटी भी ब्लॉक हो गई।

# ऑनलाइन मंगाया नारियल पानी-फल खराब

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्टोर पर छापा मारकर नारियल व तरबूज किए नष्ट**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में ऑनलाइन मंगाए गए नारियल पानी और फल खराब निकलने का मामला सामने आया है। बीटा-1 इलाके के एक डॉक्टर ने जियो मार्ट ऐप से ये सामान ऑर्डर किया था। डिलीवरी मिलने के बाद सामान खराब हालत में पाया गया, जिसके बाद डॉक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग से शिकायत की। विभाग की टीम ने संबंधित स्टोर पर छापेमारी की। डॉक्टर जितेंद्र ने बताया कि ऑनलाइन ऐप से मंगाए गए नारियल पानी से तेज सड़ी बदबू आ रही थी और उसका रंग भी बदला हुआ था। इसके साथ ही कुछ फल भी खराब हालत में मिले। डॉक्टर का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस सामान का सेवन कर लेता तो उसकी तबीयत खराब हो सकती थी। खराब सामान मिलने से उनका परिवार भी परेशान हो गया ।डॉ. जितेंद्र ने पहले कंपनी के कस्टमर केयर में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि स्टोर के असिस्टेंट मैनेजर ने पहले सामान बदलने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद डॉक्टर ने पूरे मामले की शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग से कर दी। शिकायत मिलते ही विभाग की टीम ने बीटा-1 स्थित रिलायंस फ्रेश स्मार्ट स्टोर पर जांच शुरू कर दीखाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय सुबोध कुमार ने बताया कि जांच के दौरान स्टोर में करीब 20 पीस नारियल और लगभग 30 किलो तरबूज खराब हालत में पाए गए।

# 2.10 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में एक गिरफ्तार

**ठगी में खाते का हुआ था प्रयोग, प्रदेश में दर्ज है 8 शिकायत, खाते में आए थे 2.20 लाख**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , डिजिटल अरेस्ट कर 2.10 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसका नाम अमन कुमार निवासी चरखी हरियाणा है ।ठगी में अमन के खाते का प्रयोग किया गया था। ये खाता अमन ने साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। इस खाते के खिलाफ धोखाधड़ी के 2.20 लाख रुपए आए थे ।इस खाते के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में आठ शिकायत दर्ज है। जिसमें उप्र में एक , केरल में एक , राजस्थान एक , गुजरात में एक कर्नाटक एक और महाराष्ट्र में 3 शिकायत दर्ज है। जिनकी जांच की जा रही है। ठग ने अपने को बताया एनआईए का अधिकारीसाइबर क्राइम पुलिस ने बताया कि 10 अप्रैल को पीड़ित को एक फोन आया। फोन करने वाले अपने को एनआईए पूणे का अधिकारी बताते हुए पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया। उसे बताया गया कि आपके आधार और बैंक खातों का प्रयोग टेरर फंडिंग किया गया है। गिरफ्तारी की झूठी जानकारी देकर डर बनाया। गिरफ्तारी वारंट भेजकर दिखाया डर साइबर ठगों ने वाट्सएप के माध्यम से आरबीआई के नाम से फर्जी पत्र एवं वारंट भेजकर वादी से कुल 2.10 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की गई।

# पुलिसकर्मी से लूट करने वाले बदमाश का एनकाउंटर ,घायल

**ग्रेटर नोएडा में पैर में लगी गोली, 2 साथी फरार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक शातिर लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाश उन आरोपियों में शामिल है जिन्होंने कुछ दिन पहले एक पुलिसकर्मी को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर लूट लिया था। जानकारी के अनुसार, यह घटना बीते रात की है। सादे कपड़ों में घर लौट रहे एक पुलिसकर्मी को बदमाशों ने अपनी वैगनआर कार में बैठा लिया था। रास्ते में आरोपियों ने हथियार के बल पर पुलिसकर्मी से लूटपाट की और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस को देखते ही शुरू कर दी फायरिंग दादरी पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने पेरीफेरल अंडरपास के पास चिटहेड़ा नहर के नजदीक घेराबंदी की।

# कैनाल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, भाजपा नेता ने की जांच की मांग

**अमन लेखनी समाचार**



जिगना। विकास खंड छानबे क्षेत्र के भवरूपुर-अजगना हरगढ़ बाजार के पास कैनाल प्रथम पर चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य का विरोध करते हुए भाजपा नेता राम मनोहर ने नहर विभाग के अधिकारियों से तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता राम मनोहर का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के विपरीत सफेद बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार लाल बालू का उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि कैनाल में जब पानी छोड़ा जाता है तो तेज दबाव के साथ बहाव होता है। ऐसी स्थिति में घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगा और कुछ ही समय में बह जाने की आशंका है। इससे निर्माण कार्य का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। राम मनोहर ने कहा कि क्षेत्रीय लोग भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं। यदि समय रहते विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की जांच कराने तथा मानक के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता होने पर जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बकरीद पर्व पर ईदगाह पहुंचे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दी मुबारकबाद, एवं शुभकामनाएं

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। में बकरीद पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रावटसगंज स्थित ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) बगीश कुमार शुक्ला तथा उप जिलाधिकारी रावटसगंज अश्वनी कुमार भी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद का पर्व त्याग, समर्पण और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने जनपदवासियों से प्रेम, सौहार्द एवं शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा सभी लोग आपसी सहयोग और सद्भाव बनाए रखें इस



दौरान अधिकारियों ने ईदगाह परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित कर जनपद में अमन-चैन एवं भाईचारे की परंपरा को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला।

# सेमीफाइनल मुकाबले में रेलवे सुपर वाइजर और टीचर टीम ने मारी बाजी

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन। बुधवार को आयोजित ऐतिहासिक क्रिकेट टूनामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं सपा जिला उपाध्यक्ष रमेश यादव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश सचिव डॉ. बृजेश सिंह मौजूद रहे। मैच की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रेलवे सुपर वाइजर टीम और पत्रकार टीम आमने-सामने रही। टॉस जीतकर रेलवे सुपर वाइजर टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवर में 95 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार टीम संघर्ष के बावजूद लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और रेलवे सुपर वाइजर टीम ने मुकाबला जीत लिया। पत्रकार टीम के कप्तान प्रमोद कुमार ने कहा कि दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। वहीं टीम के वाइस कैप्टन अनुज जायसवाल ने कहा कि अगले वर्ष टीम और बेहतर रणनीति व दोगुनी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने टूनामेंट कमेटी को शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। रेलवे सुपर वाइजर टीम के कप्तान आर.बी. पॉल और वाइस कैप्टन एम.पी. सिंह ने कहा कि यह टूनार्मेंट आपसी भाईचारे और मनोरंजन की भावना से खेला जा रहा है और भविष्य में भी इस तरह का आयोजन लगातार होता रहेगा। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।टूनार्मेंट के मीडिया प्रभारी व कमेंटेटर शाकिब खान ने पहले मैच के समापन के तुरंत बाद दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला टीचर टीम और रेलवे जय भीम स्पोर्ट्स क्लब के बीच शुरू कराया, जिसमें टीचर टीम विजयी रही। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रिशव को दिया गया।कार्यक्रम में सीआईटी चोपन दिलीप कुमार, अखिलेश सिंह यादव, सचिव मनीष कुमार, पीडीए प्रदेश सचिव नजमुद्दीन इदरीसी, छात्र नेता सतीश यादव, सद्दाम कुरैशी, कमेटी सदस्य बृजभान, सनोज चौधरी, अंपायर सुजीत और हीरा लाल मीना, स्कोरर शमशाद खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

खास समाचार

## विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 के चौदहवें दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया


अमन लेखनी समाचार



धनबाद। धनबाद मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2026 के चौदहवें दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकला प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने अपने चित्रों, विचारों एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा सफाई कर्मियों के ब्लड प्रेशर, शुगर एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किए गए तथा जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। धनबाद मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनस्वास्थ्य के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता का एक सशक्त एवं प्रेरणादायक उदाहरण है।

# शिवा इंजीनियरिंग मेडिकल अकादमी द्वारा आयोजित हुआ मेधा अलंकरण समारोह

## सम्मानित हुए सामाजिक कर्मयोगी शिक्षक तथा मेधावी छात्र



**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में संचालित एक विद्यालय प्रांगण में शिवा इंजीनियरिंग मेडिकल अकैडमी के तत्वावधान में मेंधा अलंकरण प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सब रजिस्टार पवन तिवारी तथा जिला शिक्षा समन्वक (एसआरजी) राधेश्याम दीक्षित ने मां सरस्वती के प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक प्रमोद तिवारी तथा मूलचंद सैनी द्वारा की गई वहीं कुशल संचालन बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा के शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया वही अभिभावक आरती त्रिवेदी ने एसआरजी राधेश्याम गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया ठीक इसी प्रकार शिक्षिका सुभा देवी एवं संचालक उमेश कुमार त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि सब रजिस्टार पवन तिवारी को प्रतीक चिन्ह के रूप में प्रतिमा देकर आभार व्यक्त किया मेंधा अलंकरण समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया वहीं सामाजिक कर्मयोगी सेवानिवृत शिक्षकों को भी शिवा इंजीनियरिंग मेडिकल अकादमी द्वारा भव्य सम्मान किया गया इस मौके पर सभी अभिभावकों समेत विद्यालय परिवार तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे

# क्या वास्तव में तहसील, थाना, कचेहरी में भ्रष्टाचार है पारदर्शिता क्यों नहीं

**अमन लेखनी समाचार**




चित्रकूट। जनपद चित्रकूट इतना बड़ा भी नहीं है कि किसी से संभाला न जाए। जनपद में जिलाधिकारी, एसपी व 5 एसडीम हैं जो मूल रूप से जनपद के न्याय व्यवस्था व शांति व्यवस्था को देख रहे हैं। साथ में सत्र न्यायालय के माननीय जज भी जनपद में बैठकर के आम समाज के न्याय प्रक्रिया को देख रहे हैं। थानों में आराम के कामों को पुलिस निपटाती है और जिल्लत के कामों में पैसा लेती है जैसे लड़ाई झगड़ों में एक दूसरे का पक्ष देखना और लोगों से कमीशन लेना अवैध कारोबारों से पुलिस को कमीशन मिलता है जैसे लुटेरी दुल्हन गैंग, सेक्स रैकेट, शराब बिक्री, गांजा बिक्री में। तहसील जनपद में 4 हैं कर्वी, राजापुर, मऊ व मानिकपुर में सरकारी चकमार्ग तालाबों व ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जा है फिर भी तहसील के राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों जनता से बिना पैसा लिए उसका खेत तक नापने नहीं जाते यह सच है। एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय फाइल भेजने पर भी राजस्व विभाग पैसा ले लेता है कहीं-कहीं काम भी नहीं होता। मऊ तहसील में चकबंदी के 20 वर्ष बाद भी आज चकरोड सेक्टर व संपर्क मार्ग पर कब्जा लोगों ने किया है राजस्व विभाग कुछ नहीं कर पा रहा। राजस्व विभाग की जमीनी मामलों में लेखपाल द्वारा किसानो लड़ाया भी जाता है पारदर्शिता से काम नहीं होता। राजस्व विभाग खनन के मामले में भी काफी पैसा बनाने में माहिर है क्योंकि रात को गांवों में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर मिट्टी ढोते हैं। कचेहरी व सत्र न्यायालय में भी तारीख पर तारीख वकीलों पेश कारोंकशो व बस द्वारा किराए का खर्चा वादी प्रतिवादी को लगता है और न्याय प्रक्रिया कई वर्षों तक होने का इंतजार करते रहते हैं कहीं तो पीढ़ी-दर-पीढ़ी मामले चल रहे हैं फैसला होने में असमंजस स्थिति बनी रहती है।

## चोपन पुलिस द्वारा बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर णधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0-108/2026 धारा 115(2), 76, 64(2)(ऋ) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम सलखन, बरवा टोला थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 28.05.2026 को बसकटवा मोड़ चोपन के पास से समय करीब 09:50 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# शातिर हिस्ट्रीशीटर अलीरजा मुठभेड़ में हुआ ढेर

**प्रशासन ने किया हाफ काउंटर अवैध उपकरणों समेत गिरफ्तार**

**अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला**



फतेहपुर। जनपद के कल्यानपुर थाना प्रशासन ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया अनेको चोरी लूट तथा आपराधिक मामलों में संलिप्त वांछित अपराधी हिस्ट्रीशीटर अली रजा को प्रशासन ने वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध गतिविधियों में रोंका जहां वह भागने की कोशिश करने लगा कल्यानपुर पुलिस प्रशासन ने भाऊपुर मोड़ के समीप चारों तरफ से युवक को घेर लिया जहां युवक ने फायरिंग शुरू कर दी मुंहतोड़ जवाब देते हुए थाना प्रशासन ने पैर में गोली मार कर हाफ काउंटर करते हुए अपराधी को गिरफ्तार किया वहीं जानकारी लेने पर पता चला कि यह एक हिस्ट्री सीटर अली रजा है जिसके ऊपर पूर्व काल में भी लगभग एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है मौके पर युवक के पास एक अवैध तमंचा जिंदा कारतूस तथा चोरी किया गया कॉपर का वायर तार बरामद हुआ वही एक मोटरसाइकिल भी प्रशासन के हाथ लगी गिरफ्तार किए गए हिस्ट्रीशीटर को प्रशासन ने उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि यह अपराधी काफी दिनों से फरार चल रहा था प्रशासन जिसकी खोज में ही था वहीं पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस बल थाना कल्यानपुर की सराहना की

# नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान मिशन शक्ति का यही अभियान



**मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में सोनभद्र पुलिस द्वारा जनपद भर में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित।**

**महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं, महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही है। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया गया। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए मिशन शक्ति टीमों द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी, ‍डळ्ढ साझा न करने एवं डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी अथवा महिला संबंधी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

# नाबालिग किशोरी का बाल विवाह कराने, परिवार को डरा-धमकाकर बंधक बनाने एवं धमकी देने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। आवेदक पवन कुमार पुत्र स्व० कमाल धरिकार निवासी मलीन बस्ती वार्ड नं0-01 तुर्रा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र द्वारा दिनांक 21.05.2026 को थाना पिपरी पर सूचना दी गई कि उनकी पत्नी बच्चों सहित बिना बताए घर से कहीं चली गई है, जिसके सम्बन्ध में थाना पिपरी पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। थाना पिपरी पुलिस द्वारा तत्परता एवं गंभीरता से कार्यवाही करते हुए दिनांक 23.05.2026 को आवेदक की पत्नी एवं बच्चों को सकुशल बरामद किया गया। घर वापस आने पर आवेदक की पत्नी द्वारा बताया गया कि उसे तथा उसके बच्चों को कामेश्वर बैठा निवासी रेनुकूट एवं बाबा जी नामक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अलीगढ़ ले जाया गया था, जहां उसकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 13 वर्ष का विवाह लोकेश नामक व्यक्ति से करा दिया गया। पीड़िता द्वारा यह भी बताया गया कि अलीगढ़ में उन्हें डरा-धमकाकर रखा गया तथा किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। अवसर मिलने पर पीड़िता द्वारा लोकेश के मोबाइल नम्बर से अपने पति को सूचना दी गई, जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा उन्हें सकुशल बरामद किया गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0-102/2026 धारा 61(2), 87, 137(2), 351(3) बीएनएस बनाम 01. कामेश्वर बैठा पुत्र अज्ञात निवासी रेनुकुट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, 02. बाबा जी पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात, 03. लोकेश पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 64(2)(ड), 65(1) बीएनएस, 5(छ)/6 पॉक्सो एक्ट तथा 9/10 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष पिपरी के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर दिनांक 28.05.2026 को मु0अ0सं0-102/2026 से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को समय करीब 09:45 बजे नौकुटिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# शक्तिनगर पुलिस एवं उप सम्भागीय परिवहन की संयुक्त कार्यवाही में 02 ओवरलोड/मानक विहीन भारी वाहन (ट्रेलर/हाईवा) सीज

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा ओवरलोड एवं भारी वाहनों की सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 28.05.2026 को थाना शक्तिनगर पुलिस एवं उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जनपद सोनभद्र की संयुक्त टीम द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बालू लदे कुल 02 भारी वाहन (ट्रेलर/हाईवा) को रोककर जांच की गई। जांच में दोनों वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिस पर नियमानुसार दोनों वाहनों को सीज करते हुए थाना शक्तिनगर परिसर में खड़ा कराया गया। साथ ही संबंधित विभाग को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई है। सोनभद्र पुलिस द्वारा ओवरलोड एवं मानक विहीन वाहनों के विरुद्ध आगे भी सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगा।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## भारत भाग्य विधाता में दिखेगी बलिदान और एकता की कहानी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का दमदार मोशल पोस्टर गुरुवार को निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में कंगना खून में सनी हुई जख्मी हालत में दिख रही हैं। उनके आस पास आग की लपते दिखाई दे रही हैं। इस फिल्म में साहस, मानवता, बलिदान और एकता की एक कहानी को दिखाया जाएगा। कंगना ने 'भारत भाग्य विधाता' का मोशन पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'कुछ खास करके, आम ही कहते हैं। वो दिखते तो हैं, पर नजर नहीं आते।' यह फिल्म 12 जून, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style



# राधिका

## सपनों के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं

राधिका मदान इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'सूबेदार' में शानदार परफॉर्मेंस के लिए खूब तारीफें बटोर रही हैं। अब वह शकुन बत्रा की 'लस्ट स्टोरीज 3' के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें वह अली फजल के साथ नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बातचीत में राधिका ने कहा, 'मैं शकुन बत्रा के काम की बहुत बड़ी फैन रही हूं। जब मुझे इस फिल्म के बारे में पता चला, तो मैंने 'लस्ट स्टोरीज 3' के लिए ऑडिशन देने की रिक्वेस्ट की। भगवान की कृपा से मुझे यह मौका मिल गया।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं एक औसत परफॉर्मेंस देने का रिस्क नहीं ले सकती। हर रोल के लिए बहुत लोग लाइन में खड़े होते हैं। अगर मैं अच्छा नहीं करूंगी, तो कोई मुझे दूसरा मौका नहीं देगा। मेरे लिए हर काम 'करो या मरो' जैसा होता है। अगर मुझे इस इंडस्ट्री में टिकना है, तो मुझे हर बार बेस्ट देना होगा।उन्होंने कहा, 'मैं लाइन में खड़ी रही हूं, बहुत मेहनत की है। आज भी अगर कोई ऐसा प्रोजेक्ट होता है जहां लोग मुझे कास्ट करने के बारे में नहीं सोचते, तो मैं खुद ऑडिशन मांगती हूं और मुझे इसमें कोई झिझक नहीं होती। मेरे अंदर कोई ईगो नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब मुझे ऑडिशन का मौका ही नहीं मिलता और सिर्फ मेरे सरनेम की वजह से मुझे रिजेक्ट कर दिया जाता है। अगर मैं ऑडिशन देकर रिजेक्ट होती हूं, तो मुझे सुकून मिलता है, क्योंकि मुझे पता होता है कि मैंने अपना 100% दिया। अगर मुझे फिर से लाइन में लगना पड़े, तो भी मुझे कोई शर्म नहीं है। मैं एक एक्टर हूं और अपने सपनों के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं।'

हॉलीवुड मसाला




## ही-मैन बनने धांसू ट्रांसफॉर्मेशन

नई दिल्ली। जैसे-जैसे ही-मैन पर बनी फिल्म 'मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, इसे लेकर सोशल मीडिया पर फैन्स के बीच चर्चाएं बढ़ती जा रही है। फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघर में आएगी। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म के दो बीटीएस वीडियो जारी किए हैं, जिनमें निकोलस गैलित्जिन को खूब मेहनत करते देखा जा सकता है। बीटीएस वीडियो में फिल्म के हीरो निकोलस गैलित्जिन के शनदार फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन की पूरी कहानी दिखाई गई है।



## मैथ्यू डेथ केस में निजी सहायक केनेथ को 41 महीने की सजा

लॉस एंजिल्स। मशहूर अभिनेता मैथ्यू पेरी ड्रग ओवरडोज की वजह से जिंदगी से हार गए थे। इस मामले के आरोपी केनेथ इवामासा ने अपना गुनाह को कुबूल कर लिया है। उन्होंने अदालत के सामने मैथ्यू को केटामाइन देने की बात स्वीकार की, जिसमें वो डोज भी शामिल हैं जो पेरी की मौत का कारण बनी। न्यायाधीश शेरिलिन गार्नेट ने आरोपी केनेथ इवामासा को 41 महीनों की सजा सुनाई। इससे पहले जसवीन संघा ने भी अपना गुनाह कुबूल कर लिया था। उन्होंने अदालत से कहा था, 'इस दुखद घटना की वजह बने हालात में मैंने जो भूमिका निभाई और जो काम किए मैं उनकी पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। मैं समझती हूं कि मेरा बर्ताव यानी ड्रग्स का धंधा चलाना और उसी रास्ते पर चलते रहना लापरवाही भरा, खतरनाक और गलत था। अदालत ने जसवीन को 15 साल की सजा सुनाई थी।



## प्यार था... पर राहें अलग हो गईं...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल और तान्या देओल की शादी 30 मई 1996 को हुई थी। फिलहाल दोनों खुशहाल जीवन बिता रहे हैं। लेकिन एक वक्त था, जब बॉबी देओल और पूजा भट्ट के रिलेशनशिप की चर्चा काफी होती थीं। अब हाल ही में पूजा भट्ट ने इस मामले पर चुप्पी तोड़कर बड़ा बयान दिया है। एक बातचीत में पूजा ने कई खुलासे किए। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे और बॉबी प्यार में थे, तो उन्होंने कहा- 'बिल्कुल। ऐसा क्या है जिससे प्यार न हो?' अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए पूजा ने कहा, 'वो मेरी जिंदगी का एक बहुत ही खास और खूबसूरत समय था, और वो एक बहुत ही अच्छे इंसान थे, जिनके साथ रहना अच्छा लगता था।'पूजा ने बताया कि समय के साथ वह और बॉबी अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ गए।



## मातृभूमि का नया गाना मैं हूं रिलीज...

मुंबई। इन दिनों सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म मातृभूमि के प्रमोशन में लगे हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ईद पर भी फैंस को भाईजान ने खुश कर दिया, उन्होंने अपनी इस फिल्म एक गाना 'मैं हूं...' का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस गाने पर फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। साथ ही बॉलीवुड सेलेब्स ने भी गाने को खूब पसंद किया और भाईजान को ईद की बधाई भी दी है। फिल्म मातृभूमि के गाने 'मैं हूं...' में सलमान खान एक्ट्रेस चित्रांगदा के साथ रोमांस कर रहे हैं। इस गाने में भाईजान का अंदाज फैंस को पसंद आया है। गाने को श्रेया घोषाल ने गाया है। 'मैं हूं'गाने में चित्रांगदा का किरदार अपने पति यानी सलमान खान के किरदार को याद करती है, जो बॉर्डर पर देश की रक्षा कर रहा है।

टीवी मसाला




## ऑफिस-ऑफिस की वापसी, अब मुसद्दीलाल की बेटी बाजी पलटेगी

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में बहुत कम सीरियल ऐसे हैं, जिनके किरदार लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गए। 'ऑफिस ऑफिस' सीरियल उन्हीं में से एक था। इस सीरियल में पंकज कपूर, मनोज पाहवा, हेमंत पांडे, संजय मिश्रा और बाकी किरदार सिर्फ कॉमेडी नहीं करते थे बल्कि सरकारी सिस्टम की सच्चाई दिखाते थे। करीब दो दशक बाद अब यह कल्ट सीरियल नए अंदाज में लौट रहा है। डायरेक्टर उमेश अपने नए सीरियल 'ऑफिस ऑफिस चली मुसद्दी की बेटी' के बारे में कहते हैं, 'करीब ढाई साल पहले हमें दूरदर्शन से बुलावा आया था। उन्होंने कहा कि आप हमारे लिए क्या कर सकते हैं? हम लोग कई आइडिया लेकर गए थे। बात करते-करते उन्होंने पूछा कि क्या आप सीरियल 'ऑफिस ऑफिस'कर सकते हैं? मैंने कहा कि पुराना सीरियल बनाना अब मुश्किल है। आज सारे कलाकार सुपरस्टार बन चुके हैं, कोई टीवी चैनल उन्हें उस तरह अफॉर्ड नहीं कर सकता। सिर्फ कलाकार ही नहीं, दौर भी अब बदल चुका है। उस वक्त कॉमनमैन सिस्टम में पिसता था और हार जाता था। आज की जनरेशन वैसी नहीं है।' निर्देशक उमेश आगे कहते हैं, 'अचानक मेरे दिमाग में आया कि 'ऑफिस ऑफिस चली मुसद्दी की बेटी'बनाया जा सकता है। वो बेचारा कॉमन मैन था, जो सिस्टम में पिस जाता था। लेकिन आज की लड़की अलग है। यहां वो पहले हारेगी जरूर, लेकिन फिर बाजी पलटेगी। आज की जनरेशन सवाल पूछती है, लड़ती है, वीडियो बनाती है। आज अगर किसी का काम नहीं होता तो वो पहले रील बनाता है, सोशल मीडिया पर वीडियो डालता है। सोशल मीडिया पर डालते ही सिस्टम हरकत में आ जाता है।

### वसुधा ने मारी बाजी, तुलसी व अनुपमा का सिंहासन डोला

नई दिल्ली। टीआरपी लिस्ट में पिछले कुछ हफ्तों से बड़ा उल्टफेर हो रहा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 और अनुपमा जैसे सीरियल्स को नए



शोज टक्कर दे रहे हैं। 20वें हफ्ते में वसुधा सीरियल को 1.9 टीआरपी मिली है। जबकि इस सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 1.8 टीआरपी हासिल की थी। पिछले हफ्ते और इस हफ्ते यह सीरियल टॉप पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। दूसरे नंबर पर गंगा माई की बेटियां है। इसे 1.7 की टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते में भी इसको इतनी ही टीआरपी मिली थी। जबकि स्मृति ईरानी के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 20वें हफ्ते में 1.7 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल इस बार तीसरे नंबर है। इस सीरियल को 19वें हफ्ते में 1.6 की रेटिंग मिली थी। शरद केलकर का सीरियल 'तुम से तुम तक' दर्शकों को पसंद आ रहा है।

## 42 साल पुराने गाने में लहूलुहान हुए थे अमिताभ, आशा और किशोर ने दी थी आवाज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अच्छे गानों की फेहरिस्त में ऐसे कई गाने हैं जिनको दो सबसे दिग्गज गायकों ने आवाज दी। इन गायको की जोड़ी ने ऐसे कल्ट गाने दिए जो आज भी खूब सुने जाते हैं। आज हम उस गायक जोड़ी का एक ऐसा गाना सुनाने जा रहे हैं, जिस पर आज भी लोग जमकर थिरकते हैं। दरअसल जिस गाने की हम बात कर रहे हैं वो गाना है 1984 में आई फिल्म 'शराबी' का और वो गाना है 'मुझे नौलखा मंगा दे रे ओ सैयां दीवाने' । इस गाने को सुनने वाले आज भी उतने ही चाव से सुनते हैं। गाना जब भी बजता है, लोगों के पैर अपने ही थिरकने लगते हैं। इस गाने में अमिताभ बच्चन और जया प्रदा ने खूब ठुमके लगाए थे। ये गाना आज भी सुपरिट है। यूं तो फिल्म शराबी के सभी गाने हिट हुए थे, लेकिन इस गाने ने अलग ही तहलका मचाया था। कहा जाता है कि महिलाएं अपने पति से इस गाने के बाद खूब हार मांगा करती थीं।



### बप्पी लहिरी ने तैयार किया था संगीत

इस गाने को आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी तो वहीं किशोर कुमार ने भी गाने को गाया था। गाने में किशोर दा और आशा ताई की आवाज ऐसी बैठी कि ये गाना भी ब्लॉकबस्टर हो गया। आशा ताई और किशोर दा पहले ही कई हिट गाने दे चुके थे, ऐसे में ये गाना भी उनकी झोली में ही आया। इस गाने का संगीत बप्पी लहिरी ने तैयार किया था। वहीं गाने को अनजान ने लिखा था। हालांकि इस गाने की शूटिंग भी बेहद दिलचस्प रही थी।

### चोट के बावजूद बिग बी ने की थी शूटिंग

इस गाने के दौरान दिलचस्प किस्सा यह है कि इसकी शूटिंग अमिताभ बच्चन ने चोटिल हाथ के साथ की थी। खुद इस बात का खुलासा एक बार जया प्रदा ने किया था। दरअसल रियलिटी शो 'सारेगामापा लिटिल चैम्प्स' में जब जया प्रदा आई थी तो यहीं उन्होंने बताया था कि, 'आज भी मुझे अच्छे से याद है कि, जब हम नौलखा मंगा दे रे गाने की शूटिंग कर रहे थे तो अमित जी को दिवाली के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। गाने के एक हिस्से में वह घुंघरू से खेल रहे हैं लेकिन क्योंकि वह दर्द में थे और पहले से ही चोटिल थे इसलिए हर बार जब वह सीन के लिए शूटिंग करते थे तो खून बहता था। इस सबके बाद भी वो आइस बॉक्स की मदद से हाथ आगे-पीछे करके शूटिंग करते रहे और फिर जाकर शूटिंग पूरी हुई। इस दौरान उनकी मेहनत और डेडिकेशन वाकई में कमाल था और मैंने भी उनसे बहुत कुछ सीखा था।फिल्म शराबी उन कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं।

## जैकी ने बीवी नंबर 1 के 27 साल पूरे होने का मनाया जश्न

मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर कॉमेडी फिल्म 'बीवी नंबर 1' को रिलीज हुए 27 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्ममेकर जैकी भगनानी ने फिल्म की यादें ताजा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सलमान खान, करिश्मा कपूर, सुष्मिता सेन, अनिल कपूर और तब्बू जैसे कलाकारों की तारीफ की। साथ ही अपने पिता वाशु भगनानी और डायरेक्टर डेविड धवन के साथ बिताए पुराने दिनों को याद किया। जैकी ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे वे फिल्म के सेट पर घूमा करते थे। उन्होंने देखा कि उनके पिता वाशु भगनानी और निर्देशक डेविड धवन मिलकर रूमी जाफरी की लिखी कहानी पर कितना शानदार काम करते थे और सेट पर एक अलग ही जादू बिखेर देते थे। जैकी ने लिखा सलमान खान की एनर्जी कमाल की थी। करिश्मा कपूर ने बहुत ही बेहतरीन एक्टिंग की थी। सुष्मिता सेन का अंदाज बेहद शालीन था। अनिल कपूर की कॉमेडी टाइमिंग लाजवाब थी। तब्बू का काम भी बहुत ग्रेसफुल था। उन्होंने आगे लिखा कि यह फिल्म किसी खजाने से कम नहीं है। जैकी ने सभी फैंस को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतने साल से




इस फिल्म को लगातार प्यार देने के लिए आपका शुक्रिया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म 'बीवी नंबर 1' के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 'बीवी नंबर 1' पूजा नाम की एक साधारण घरेलू महिला की कहानी है। वह अपने पति प्रेम और दो बच्चों के साथ खुशी-खुशी रहती है। लेकिन ट्विस्ट तब आता है जब उसका पति उसे छोड़कर रूपाली नाम की एक खूबसूरत मॉडल के पास चला जाता है। इसके बाद, अपने पति को वापस पाने और उसका ध्यान खींचने के लिए पूजा अपना पूरा लुक बदल लेती है।

### रेलवे प्लेटफॉर्म से ऑस्कर तक, एक्टर बनकर निर्माता-निर्देशक बने

## घर से भाग मुंबई आया 16 साल का लड़का, जिसने भारतीय सिनेमा को दी अमर पहचान

नई दिल्ली। एक 16 साल का लड़का आंखों में फिल्मों का सपना, जेब मे ज्यादा पैसे नहीं और दिल मे बस मुंबई पहुंचने की जिद। परिवार चाहता था कि वह जिम्मेदारियां समझे, लेकिन उसे तो पर्दे की चमक अपनी ओर खींच रही थी। फिल्मों का ऐसा जुनून कि चोरी-छिपे ट्रेन पकड़कर शहर-शहर सिनेमा देखने निकल पड़ता था। जब घरवालों को पता चला तो डांट भी पड़ी, पिटाई भी हुई और वापस गांव ले जाया गया, लेकिन सपने कहां रुकने वाले थे। मुंबई पहुंचने के बाद उसने रेलवे प्लेटफॉर्म पर रातें बिताईं, स्टूडियो के बाहर घंटों खड़ा रहा और छोटे-छोटे रोल करते हुए संघर्ष जारी रखा. धीरे-धीरे यही लड़का कैमरे के पीछे ऐसा जादू रचेगा, जो भारतीय सिनेमा को दुनिया भर में नई पहचान दिलाएगा। उसकी बनाई एक फिल्म ऑस्कर तक पहुंची और आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे महान फिल्मों में गिनी जाती है। भारतीय सिनेमा जगत को यादगार और कभी पुरानी न होने वाली मदर इंडिया जैसी फिल्में देने वाले निर्माता-निर्देशक महबूब खान की जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। बचपन में फिल्मों का ऐसा जुनून था कि वह रोज ट्रेन पकड़कर आसपास के शहरों के साथ ही मुंबई तक फिल्में देखने चले जाते थे। एक दिन जब परिवार को उनके मुंबई भागने की भनक लगी, तो पिता ने उन्हें पकड़कर डांटा, पिटाई की और वापस गांव ले आए।



### जब मजबूत होता गया अभिनेता बनने का सपना

हालांकि, फिल्मों के प्रति उनका प्यार कभी कम नहीं हु। यही लड़का आगे चलकर 'मदर इंडिया'जैसी ऐतिहासिक फिल्म बनाने वाला दिग्गज निर्देशक बना. महबूब खान का जन्म 9 सितंबर 1907 को गुजरात के बड़ौदा के पास स्थित सरार गांव में हुआ था। उनका परिवार बेहद साधारण था और आर्थिक स्थिति भी मजबूत नहीं थी। बचपन से ही उन्हें फिल्मों और अभिनय का शौक था। वह चोरी-छिपे ट्रेन में बैठकर आसपास के कस्बों और शहरों में फिल्में देखने चले जाते थे और फिर घर लौट आते थे। धीरे-धीरे उनके मन में अभिनेता बनने का सपना मजबूत होता गया।

### जब समझ आया अभिनय नहीं निर्देशन और कहानी में है रुचि

शुरुआत में महबूब खान ने बतौर जूनियर आर्टिस्ट और सपोर्टिंग एक्टर काम किया, लेकिन जल्द ही उन्हें समझ आ गया कि अभिनय से ज्यादा उनकी रुचि निर्देशन और कहानी लिखने में है। उन्होंने अपनी कहानी लिखनी शुरू की और कई प्रोड्यूसर्स के पास गए। शुरुआत में उन्हें निराशा हाथ लगी, लेकिन साल 1935 में उनकी पहली निर्देशित फिल्म अल हिलाल रिलीज हुई, जिसने उन्हें पहचान दिलाई।

### महिला किरदारों को मिलती थी खास जगह

इसके बाद उन्होंने डेक्कन क्वीन, औरत, रोटी, अनमोल घड़ी, अंदाज, आन और अमर जैसी कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया। उनकी फिल्मों में मजबूत महिला किरदारों को खास जगह मिलती थी। यही वजह है कि उन्हें अपने समय का प्रगतिशील और संवेदनशील फिल्मकार माना जाता है। साल 1952 में उन्होंने मुंबई के बांद्रा इलाके में महबूब स्टूडियो की स्थापना की, जो उस दौर का आधुनिक फिल्म स्टूडियो माना जाता था।

### रेलवे गार्ड से दोस्ती कर जब पहुंचे मुंबई

कहा जाता है कि उनकी दोस्ती एक रेलवे गार्ड से हो गई थी। उस गार्ड ने उन्हें मुंबई जाकर फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी. महज 16 साल की उम्र में महबूब खान घर छोड़कर मुंबई पहुंच गए। हालांकि, उनके पिता को इसकी जानकारी मिल गई। वह मुंबई पहुंचे, बेटे को ढूंढा और वापस गांव ले आए। परिवार ने उनकी शादी भी कर दी ताकि उनका ध्यान फिल्मों से हट जाए, लेकिन महबूब खान के भीतर का सपना खत्म नहीं हुआ। कुछ समय बाद वह फिर मुंबई पहुंचे। शुरुआती दिनों में उन्होंने काफी संघर्ष किया।वह मुंबई के वीटी स्टेशन के पास स्थित ज्योति स्टूडियो के बाहर घंटों खड़े रहते थे, ताकि किसी तरह फिल्मों में काम मिल सके।कई रातें उन्होंने रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिताईं। आखिरकार उनकी मुलाकात फिल्मकार अर्देशिर ईरानी से हुई, जिन्होंने उन्हें फिल्मों में छोटे-छोटे रोल दिए। यहीं से उनकी फिल्मी यात्रा शुरू हुई।

### ऑस्कर में गई थी महबूब खान की ये फिल्म

महबूब खान के कॅरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1957 में आई फिल्म मदर इंडिया मानी जाती है। नरगिस, सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड्स के लिए भी नामांकित हुई थी। मदर इंडिया को आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे महान फिल्मों में गिना जाता है। 28 मई 1964 को महज 56 साल की उम्र में महबूब खान का निधन हो गया।